तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 25.4 डिग्री

हरिभूमि
बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, बुधवार 8 जुलाई 2026

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया


शिवघाट बैराज का रंगरोगन कर सौंदर्यीकरण किया जा रहा।

**खबर संक्षेप**

## द्वितीय अवसर मुख्य परीक्षा आज से, प्रश्नपत्र वितरित



**बिलासपुर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल की द्वितीय अवसर मुख्य परीक्षा 8 जुलाई से शुरू होकर 22 जुलाई तक चलेगी। इसके लिए प्रश्न पत्रों का वितरण शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई उच्चतर माध्यमिक शाला (सेजेश) से किया गया। कुल 16 परीक्षा केंद्रों के लिए गोपनीय परीक्षा सामग्रियां और प्रश्न पत्र वितरित किए गए। गोपनीय सामग्री सील बंद पेटियों में पुलिस अभिरक्षा में बसों के माध्यम से संबंधित थानों में जमा करने रवाना की गई। यह परीक्षा सुबह 9 बजे से लेकर दोपहर 12:15 बजे तक है। जिला शिक्षा अधिकारी रामेश्वर जायसवाल ने बताया कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा होने वाली 'द्वितीय अवसर मुख्य परीक्षा 2026' की तैयारियाँ बिलासपुर जिले में पूरी कर ली गई हैं।

# इमलीपारा काम्प्लेक्स की 17 दुकानों का आवंटन निरस्त

- जिन दुकानदारों को जहां से हटाया जाएगा, वहीं दुकानें बनाकर दी जाएंगी, व्यापारियों ने रखी मांग
- मासिक किराया 18 हजार से लेकर 80 हजार तक, इसे चुकाना छोटे दुकानदारों के लिए मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम ने इमलीपारा में बने व्यावसायिक काम्प्लेक्स में व्यापारियों को आबंटित 22 में से 17 दुकानों का आबंटन निरस्त कर दिया है। इन व्यापारियों ने आबंटन के बाद से 11 महीने तक ना तो प्रीमियम राशि जमा की और ना ही मेंटेनेंस खर्चा जमा किया। निगम के मुताबिक अब इन दुकानों की नए सिरे से नीलामी की जाएगी। इसके साथ ही निगम ने नए व्यवस्थापन नियम के आधार पर व्यापारियों को दुकानें देने का फैसला लिया है। नए नियम के मुताबिक जिन दुकानदारों को जहां से हटाया जाएगा वहीं दुकानें बनाकर दी जाएंगी। इस नियम से इमलीपारा के व्यापारियों को भी राहत मिलेगी। उन्हें प्रीमियम राशि कम जमा करनी होगी। साथ ही किराए में भी छूट मिल सकती है। इन व्यापारियों ने मंगलवार को महापौर श्रीमती पूजा विधानी से मुलाकात करते हुए जल्द दुकानें आबंटन की मांग रखी।


इमलीपारा के व्यापारियों ने मंगलवार को महापौर से मुलाकात की।

### किराया 18 हजार से लेकर 80 हजार तक

इधर प्रीमियम जगह की दुकानें खाली रहने पर सवाल भी उठ रहे हैं तो साथ ही यह भी कहा जा रहा है कि जिन गरीब दुकानदारों को निगम ने हटाया था वे कैसे इतनी ऊंची बोली पर दुकानें ले पाएंगे। इन दुकानों का मासिक किरायाा 18 हजार से लेकर 80 हजार रुपए तक है, जिसे चुकाना छोटे दुकानदारों के लिए मुश्किल है। निगम के मुताबिक अभी तक दो दौर में 27 दुकानों का आबंटन किया गया था। तीन दुकानें हाईकोर्ट के निर्देश पर दी गईं है। गौरतलब है कि पुराने बस स्टैंड रोड और इमलीपारा रोड की दुकानों के आवंटन का मामला हाईकोर्ट में चल रहा है। इसी बीच निगम ने 59 दुकानों को किराए पर देने के लिए टेंडर नवंबर 2025 में जारी किया था। भू तल की 22 दुकानों की नीलामी हो भी गई थी। इसमें निगम को किराया मिलना था। निगम के मुताबिक इन दुकानों से हर महीने 8 लाख 20 हजार और सालाना करीब एक करोड़ रुपए का किराया मिलेगा।

ध्यान रहे कि निगम ने 12 करोड़ रुपए खर्च कर इमलीपारा में व्यावसायिक काम्प्लेक्स बनाया है। इसका किराया इतना अधिक रखा गया है कि पहले चरण में 22 दुकानों के आबंटन के बाद भी 29 दुकानें साल भर से खाली पड़ी हैं। अब 22 में से 17 दुकानों का आबंटन भी निरस्त कर दिया गया है। कुल मिलाकर 5 लोगों ने ही राशि जमा की है।इस तरह 46 दुकानें खाली हो गईं हैं। महापौर से मुलाकात के दौरान व्यापारियों ने दुकानों के आबंटन की प्रक्रिया जल्द पूरी करने की मांग की। अधिकांश व्यापारियों ने ग्राउंड फ्लोर पर दुकानों की मांग की है। इनका कहना है कि रिटेल व्यापार सेकेंड या थर्ड फ्लोर पर चल नहीं पाएगा। हटाए गए दुकानदार पिछले ढाई साल से परेशान हैं। इनका कहना है कि आठ महीने के भीतर नई दुकानें बनाकर व्यापारियों को आवंटित कर दी जाएंगी लेकिन अब नियम कायदे बताए जा रहे हैं और परेशानी सुनने वाला कोई नहीं है।

### अब नए सिरे होगा टेंडर, नया व्यवस्थापन नियम भी होगा लागू



#### लीज की शर्तों के अनुरूप आवंटन होगा

हाईकोर्ट ने नगर निगम को यह निर्देश दिया है कि व्यापारियों के दावों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाए। उन्हें नई इमलीपारा कमर्शियल कॉम्प्लेक्स में दुकानों के आवंटन में प्राथमिकता देने पर निर्णय लिया जाए। निगम इस पर भी विचार कर रहा है। निगम ने इन व्यापारियों को ए, बी और सी श्रेणी में रखा है। पहले कहा गया था कि उनकी लीज 2037-38 तक वैध है, लेकिन निगम ने केवल 3 साल के लिए दुकान आवंटित करने का निर्णय लिया था। कोर्ट ने इसे अनुचित बताया और कहा कि चूंकि जमीन नजूल संपत्ति है, इसलिए निगम लंबी अवधि की लीज देने को सीमित कर सकता है, लेकिन पहले से वैध लीज को केवल तीन साल तक सीमित करना अवैध है।

#### पैसे जमा नहीं किए

नगर निगम ने इमलीपारा में बने व्यावसायिक काम्प्लेक्स में व्यापारियों को आवंटित 22 में से 17 दुकानों का आवंटन निरस्त कर दिया है। इन व्यापारियों ने आबंटन के बाद से 11 महीने तक ना तो प्रीमियम राशि जमा की और ना ही मेंटेनेंस खर्चा जमा किया। नए सिरे से आबंटन की प्रक्रिया नए व्यवस्थापन नियम से की जाएगी।

**- खजांची कुम्हार**
अपर आयुक्त, नगर निगम

#### तीन साल का बनाया जाएगा किरायानामा

इधर निगम ने जो तय किया है उसके मुताबिक दुकानों की किराए पर लेने के लिए अमानत राशि के 50 हजार रुपए का डीडी जमा करना होगा। टेंडर में यह भी शर्त थी कि एक ही क्रमांक की दो दुकानों की मांग आने पर उच्चतम दरदाता की अमानत राशि छोड़कर शेष की अमानत राशि मूलतः वापस कर दी जाएगी। इसके साथ ही 11 महीने का किराया निगम के खाते में जमा करना होगा। दुकानों का आवंटन मासिक किराएदारी पर तीन वर्ष के लिए होगा। हर तीन वर्ष में 15 प्रतिशत वृद्धि किराए में की जाएगी। इधर व्यापारियों का कहना है कि प्रशासन ने सिर्फ उनकी दुकानों को ही नहीं, बल्कि उनके सपनों और अरमानों को भी बुलडोजर से कुचल दिया है। इतने लंबे समय से बेरोजगार बैठे व्यापारी अब आर्थिक तंगी और तनाव के कारण मानसिक और शारीरिक रूप से कमजोर होते जा रहे हैं।

### जिला अस्पताल में अटल लैब का हो रहा निजी संचालन

# निजी हाथों में पैथोलैब, समय पर नहीं मिल रही रिपोर्ट, भटकने को मजबूर मरीज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

करोड़ों रुपए की लागत से जिला अस्पताल में बनाई गई हमर लैब अब निजी हाथों में चली गई है। हमर लैब का नाम बदल कर अटल लैब रख दिया गया है लेकिन काम नहीं बदला जा सका है। यही कारण है कि लोगों को समय पर जांच रिपोर्ट नहीं मिल रही है, जिसके चलते मरीजों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं उन्हीं दूसरे दिन डाक्टरों से इलाज करना पड़ रहा है।

मिनट में जांच रिपोर्ट देने का दावा करने वाली एजेंसी धरातल पर मरीजों के साथ मजाक कर रही है। दरअसल सरकार द्वारा स्थापित हमर लैब का संचालन निजी एजेंसी को दे दिया गया है। नाम के साथ ही व्यवस्था बदलने की बात कही गई लेकिन इसके उलट ही भर्राशाही चल रही है। पिछले कुछ दिनों से जिला अस्पताल में पैथो लैब से रिपोर्ट नहीं मिल पा रही है, जिसके चलते मरीजों को दूसरे दिन आ कर डाक्टरों को रिपोर्ट दिखाने की मजबूरी का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि अटल लैब में आधुनिक मशीनें है लेकिन इन मशीनों को चलाने के लिए प्रशिक्षु टैक्नीशियन व स्टाफ रखे गए है, जिन्हें रिपोर्टिंग करने में खासी दिक्कत आ रही है, यही कारण है कि समय पर रिपोर्ट नहीं मिल रहा है, ऐसे में मरीजों को ना तो दवा मिल रही है और ना ही इलाज पूरा हो रहा है।

**प्रशिक्षु टैक्नीशियन और स्टाफ कर रहे जांच**




#### स्टाफ को जानकारी नहीं

दरअसल पीछे 3 माह से हिन्दुस्तान लाइफ केयर लिमिटेड यानी एचएलएल को स्वास्थ्य केन्द्र और जिला अस्पतालों के पैथोलैब को दे चुकी है। यानी करोड़ों रूपए के हमर लैब अब एचएलएल के हवाले है। खास बात यह है कि स्टाफ ना तो जांच के बारे में सही तरह से जानकारी है। यह तक नहीं मालूम है किस तरह के जांच लैब में संभव हो पा रहे है और कितने दिनों में पूरी तरह से लैब स्थापित हो जाएगी।

#### गर्भवती महिलाओं को होती है परेशानी

बताया जा रहा है कि गर्भवती महिलाओं को सबसे ज्यादा परेशानी उठानी पड़ रही है, दरअसल डिलीवरी के दौरान प्रसव पीड़िता के लिए हीमोग्लोबिन, हेपेटाइटिस बी व सी, यूरिया क्रिएटिनिन जैसी जांच तत्काल कराई जाती है, लेकिन लैब में यह भी घंटों की देरी के बाद मिल रही है। कई प्रसव पीड़िताओं को बाहर से जांच करानी पड़ रही है।

#### थोड़ी परेशानी तो है

लैब रिपोर्ट आने में थोड़ी दिक्कत आ रही है, डाक्टरों ने भी बताया है। इस बारे में एजेंसी से बात की जाएगी और जल्द से जल्द समस्या का निराकरण किया जाएगा।

**-डॉ. एस कुजुर,** सिविल सर्जन
जिला अस्पताल

# 40 करोड़ में बनेगी पेण्ड्रीडीह से नेहरू चौक तक की सड़क

### 15.32 किलोमीटर लंबाई में होना है निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पेण्ड्रीडीह चौक से नेहरू चौक के बीच प्रस्तावित बहुप्रतीक्षित सड़क की निविदा आखिरकार मंजूर कर ली गई है। 15 किलोमीटर लंबी इस सड़क को 40 करोड़ की लागत से तैयार किया जाएगा। हालांकि यह सड़क अभी भी काफी अच्छी स्थिति में है, लेकिन शासन द्वारा इस सड़क के मजबूतीकरण की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

पेंड्रीडीह चौक से लेकर नेहरू चौक के बीच सड़क को जल्द ही एक नए रूप में देखा जा सकेगा। सरकार ने इस सड़क की निविदा को मंजूरी प्रदान कर दी है। वर्तमान में शहर से पेंड्रीडीह तक सड़क लगभग अच्छी स्थिति में है। इसके बाद भी इसके मजबूतीकरण को लेकर सरकार ने 40 करोड़ 38 लाख 57 हजार रुपए की निविदा को मंजूरी दी है। शासन द्वारा कार्यपालन अभियंता को अनुबंधित कार्य का संपादन और पर्यवेक्षण विभागीय मापदंडों के अनुसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही यह भी स्पष्ट कर दिया है कि यह कार्य किसी अन्य को सब-लेट नहीं किया जाएगा तथा कार्य संपादन के लिए पावर-ऑफ-अटॉर्नी भी मान्य नहीं होगी।

उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने लोक निर्माण विभाग के बिलासपुर संभाग क्रमांक-1 के कार्यपालन अभियंता को अनुबंधित समयावधि में काम पूर्ण कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुए मापदंडों के अनुरूप सड़क का निर्माण सुनिश्चित करने को कहा है।




# अव्यवस्था : कोर्ट कमिश्नर करेंगे सिम्स का दौरा

### 21 जुलाई तक रिपोर्ट देने कहा गया, शासन को देना होगा शपथ पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिम्स में अव्यवस्था, इलाज में लापरवाही, मशीनों का इस्तेमाल नहीं करना और मरीजों को पैथोलैब में जांच करने वालों की भीड़ से लेकर मरीजों को इलाज के लिए हफ्तों इंतजार करना पड़ता है। इसके अलावा दूसरी व्यवस्थाएं भी सही नहीं है। मामले को लेकर हाईकोर्ट ने गंभीरता दिखाते हुए शासन को नया शपथ पत्र देने कहा है। साथ ही न्याय मित्रों को फिर से सिम्स का निरीक्षण करते हुए 21 जुलाई तक रिपोर्ट देने कहा गया है।

हाईकोर्ट में सिम्स मेडिकल कॉलेज अस्पताल की व्यवस्था को लेकर एक जनहित याचिका पर सुनवाई चल रही है। सिम्स की अवस्थाओं को लेकर कोर्ट ने कोर्ट कमिश्नर नियुक्त किया है। कोर्ट कमिश्नरों की टीम ने सिम्स मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचकर यहां की व्यवस्था और इलाज को लेकर एक रिपोर्ट तैयार की थी। रिपोर्ट मिलने के बाद हाईकोर्ट ने इस पर गंभीर नाराजगी जताई थी। रिपोर्ट में बात सामने आई है कि डाइलिसिस की व्यवस्था नहीं है तो बार-बार बिजली गुल होने से उपकरण खराब हो रहे हैं। सिम्स के एक्सरे विभाग के ठीक सामने बड़ा गटर हैं। ड्रेनेज ही नहीं है। इस बात को लेकर कोर्ट कमिश्नरों ने भी स्वीकार किया है कि पहले यहां 350 बेड थे लेकिनअब मरीजों की संख्या 700 तक हो गई है। इसके लिए नया इंतजाम नहीं किया गया है। इसके अलावा यहां अरबों रुपए की मशीन है लेकिन ना ही इंजीनियर है और ना ही टेक्नीशियन इसे चला पाते हैं। इसकी वजह से मशीन हमेशा बंद रहती है। मरीजों को कई गंभीर बीमारियों की जांच के लिए निजी अस्पतालों में मोटी रकम चुकानी पड़ती है।



#### वार्डों में व्यवस्था नहीं बाथरूम में गंदगी

रिपोर्ट में कहा गया है कि अस्पताल में वार्डों में पर्याप्त व्यवस्था नहीं है और बाथरूम में गंदगी पसरी है। मरीजों को पीने का पानी आसानी से नहीं मिल रहा है। इसी तरह वार्डों में एक ही बाथरूम पुरुषों और महिलाओं के लिए इस्तेमाल होता है। साफ-सफाई भी नहीं होती। एमआरडी में कुछ ही कंप्यूटर और रजिस्ट्रेशन कराने वालों की भीड़ रहती है।

### लाश दो दिन पुरानी, पीएम रिपोर्ट से होगा कारणों का खुलासा

# नाले में महिला की लाश मिलने से सनसनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर के नाले में महिला की अर्धनग्न अवस्था में लाश मिलने से सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव बाहर निकालकर मरच्यूरी में रखवा दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा। पुलिस जांच में जुट गई है।

तोरवा पुलिस के अनुसार 7 जुलाई 2026 की सुबह रेलवे रोड तितली चौक के पास के पास नाले में फुटकर व्यापारियों ने एक महिला की अर्धनग्न अवस्था में लाश देखी। जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया और लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। सूचना पर डायल 112 व आरपीएफ के अधिकारी व जवान मौके पर पहुंच गए। लाश पर कपड़ा डालकर ढंका गया। उसके बाद तोरवा पुलिस व एफएसएल की टीम मौके पर पहुंच गई।



लाश नाले में पानी पाइप में फंसी हुई थी और चेहरा नीचे की ओर थी। पुलिस के द्वारा शव नाले से बाहर निकालकर आसपास के लोगों को तलब कर पहचान की कार्रवाई की गई। किन्तु लाश की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव सिम्स के मरच्यूरी में रखवा दिया है। एफएसएल टीम ने जांच के बाद लाश दो दिन पुराना होना व शरीर में चोट के निशान नहीं मिलने व मृतका की उम्र 40 से 50 साल होने की जानकारी पुलिस को दी है। बहरहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा। पुलिस मृतका की फोटो पड़ोसी जिलों के थानों में भेजकर गुम इंसान से पहचान करने के प्रयास में जुट गई है। तलाशी लेने पर महिला के ब्लाउज में छोटा पर्स मिला है जिसमें 1100 रुपए रखे हुए थे। जांच के दौरान नाले के उपर एक साड़ी मिली है।

#### पहचान नहीं हुई

नाले में महिला की लाश मिली है। उसकी पहचान नहीं हो पाई है। लाश दो दिन पुरानी है और शरीर में चोट के निशान नहीं मिले है। दो दिन पहले तेज बारिश होने पर नाले में पानी का बहाव अधिक था। पानी में बहकर लाश आने की संभावना है। बहरहाल हर एंगल पर जांच की जा रही है।

**- रजनीश सिंह,** तोरवा टीआई

## खबर संक्षेप

### जीवन संस्कार सेवा समिति का इंकलाब युवा संसद कार्यक्रम 11 से



**बिलासपुर।** जीवन संस्कार सेवा समिति द्वारा 11 एवं 12 जुलाई को बिलासपुर में "इंकलाब युवा संसद 2026" का आयोजन किया जा रहा है। यह दो दिवसीय कार्यक्रम युवाओं को लोकतांत्रिक प्रणाली की गहन समझ प्रदान करने, उनके नेतृत्व कौशल को विकसित करने तथा राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में उनकी सक्रिय एवं सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत लोकसभा, विधानसभा, यूनिसेफ, यूएनजीए, डीआईएसईसी, आईपी, आईपीएल एवं महाभारत जैसी विविध समितियों का गठन किया गया है, जिससे प्रतिभागियों को विभिन्न विषयों पर अपने विचार रखने और संवाद स्थापित करने का अवसर प्राप्त होगा। केंद्रीय शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपनी शुभकामना संदेश में कहा कि इंकलाब युवा संसद 2026 युवाओं में लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने, प्रभावी अभिव्यक्ति, नेतृत्व क्षमता, सकारात्मक सोच और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय सहभागिता को प्रोत्साहित करने का एक सशक्त मंच है। बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं एसएसपी रजनेश सिंह ने कहा कि इंकलाब युवा संसद जैसे मंच युवाओं में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, संवाद एवं अभिव्यक्ति कौशल, सामाजिक उत्तरदायित्व और व्यक्तित्व विकास को सशक्त बनाने का प्रभावी माध्यम हैं। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए समिति के सदस्य मोहनीश, अमीषा, प्रवीण स्वामी,विराज श्री, आयुष सहित संपूर्ण टीम सतत प्रयासरत है।

### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्रद्धासुमन अर्पित किए



**बिलासपुर।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौक पुराना बस स्टैण्ड स्थित डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके राष्ट्रनिर्माण में दिए गए योगदान को स्मरण किया गया। इस अवसर पर बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्र की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के लिए समर्पित रहा। उनका त्याग, संघर्ष और राष्ट्र के प्रति समर्पण भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए प्रेरणा का स्रोत है। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया व पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा उनके आदर्शों एवं राष्ट्रसेवा के संकल्प को आत्मसात करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में महापौर पूजा विधानी, दीपक सिंह, चंद्रप्रकाश बाजपेयी, रितेश अग्रवाल, तुलसी कौशिक, देवेन्द्र पाठक, शैलेन्द्र यादव, मनीष अग्रवाल, सतीश गुप्ता, गणेश रजक, मनीष गुप्ता, श्रीकांत सहारे, रिंकू मित्रा, देवेश खत्री, वैभव गुप्ता, महर्षि बाजपेयी, निलेश सिंह, अमित सिंह, सत्यजीत भौमिक आदि मौजूद थे।

### सिम्स के डाक्टरों ने किया मरीज के कूल्हे का प्रत्यारोपण



**बिलासपुर।** सिम्स के अस्थिरोग विभाग ने आधुनिक शल्य चिकित्सा तकनीकों से सड़क दुर्घटना में घायल 28 वर्षीय युवक के कूल्हे के प्राकृतिक जोड़ (हिप जॉइंट) को सुरक्षित रखने में सफलता पाई है। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने समय पर सफल ऑपरेशन कर कृत्रिम कूल्हा प्रत्यारोपण को प्राकृतिक जोड़ से हासिल कर लिया है। कूल्हे का प्रत्यारोपण 60 से 70 वर्ष की आयु के मरीजों में किया जाता है, जबकि इतनी कम उम्र के मरीज में प्राकृतिक जोड़ को सुरक्षित रखना अत्यंत चुनौतीपूर्ण है। निजी अस्पतालों में जटिल सर्जरी पर लाखों रुपए का खर्च किया जाता है, सिम्स में मरीज को इलाज निशुल्क मिल रहा है। बताया जा रहा है कि युवक के आपरेशन के लिए जॉइंट प्रिजर्वेशन तकनीक का उपयोग किया गया। जहां फिबुला ग्राफ्टिंग, ऑटोलॉगस बोन मैरो एस्पिरेट तथा कैन्यूलेटेड कैंसिलस स्क्रू फिक्सेशन जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग फ्रैक्चर को मजबूत किया गया। अस्थिरोग विशेषज्ञ डॉ. तरुण सिंह ठाकुर ने बताया कि कम उम्र के मरीजों में प्राकृतिक जोड़ को सुरक्षित रखना सर्वोत्तम विकल्प होता है। समय पर सर्जरी, सही फ्रैक्चर रिडक्शन एवं स्थिर फिक्सेशन से मरीज सामान्य जीवन जी सकता है। ऑपरेशन टीम में डॉ. तरुण सिंह ठाकुर, डॉ. प्रमोद जायसवाल, डॉ. रौनक चौबे मौजूद रहे।डॉ. मधुमिता मूर्ति एनेस्थीसिया विभाग,डॉ. श्वेता का सहयोग रहा है।

### महीनों से तारों में झूल रहा पेड़ शिकायत के बाद भी नहीं सुधरा

**बिलासपुर।** सरकंडा जबड़ापारा के तारों में पेड़ों की डंगाल झूल रही है, इस दौरान शार्ट सर्किट होने और बिजली बंद की अशांका बनी रहती है, लेकिन आसपास के लोगों की शिकायत के बाद भी पेड़ों के डंगालों को नहीं हटाया जा रहा है। शहर में बिजली व्यवस्था का हाल किसी से छुपी नहीं है। हाल ही में ऊर्जा विभाग के सचिव ने अधिकारियों की बैठक लेकर कई कड़े निर्देश दिए है। जिसमें निगम और प्रशासन का सहयोग लेकर बड़े पेड़ों की कटाई-छटाई भी शामिल है लेकिन शिकायत के एक हफ्ते के बाद भी सरकंडा जबड़ापारा में विशाल पेड़ को तारों से अलग नहीं कराया जा सका है। यहां आए दिन बिजली बंद की समस्या का सामना करना पड़ रहा है लेकिन बिजली विभाग हादसे का इंतजार रहा है। इस बारे में सरकंडा जोन के एई संतोष देवांगन ने बताया है पेड़ की कटिंग के लिए लिफ्टर की आवश्यकता है,इसके लिए नगर निगम से वाहन मंगवानी पड़ेगी, लेकिन वाहन अन्यत्र होने के कारण अभी भी पेड़ तारों पर झूल रहा है। जिससे जान और माल का खतरा बना हुआ है।

---

**एडमिशन के लिए पहली लिस्ट जारी** | **आत्मानंद कालेज में बीकॉम में हायर गया कटऑफ**

# आटोनामस साइंस कालेज में 89 प्रतिशत से अधिक गया कटऑफ



**बिलासपुर।** आटोनामस कालेजों की एडमिशन प्रक्रिया अलग से चल रही है। आटोनाम गवर्नमेंट ई. राघवेन्द्र राव साइंस कालेज में फर्स्ट सेमेस्टर में एडमिशन के लिए पहली लिस्ट जारी हुई है, जिसमें बीएससी में 89 प्रतिशत से अधिक कटऑफ गया है। दूसरी तरफ आत्मानंद इंग्लिश मीडियम कालेज में बीकॉम में सबसे हायर 83 प्रतिशत से अधिक कटऑफ गया है।

उच्च शिक्षा विभाग ने आटोनाम कालेजों में प्रवेश के लिए यूनिवर्सिटी से अलग व्यवस्था बनाई है। इसलिए आटोनामस कालेज अपने स्वयं के पोर्टल में आनलाइन आवेदन जमा करा रहे हैं और मेरिट आधार पर यूजी फर्स्ट सेमेस्टर में एडमिशन के लिए लिस्ट जारी कर रहे हैं। सीपत रोड स्थित गवर्नमेंट साइंस कालेज में सोमवार को पहली लिस्ट निकाली गई है। साइंस कालेज में केवल साइंस की ही कक्षाओं में एडमिशन दिया जाता है। इसलिए बीएससी के ही अलग-अलग सब्जेक्ट ग्रुप में ही एडमिशन की मारामारी रहती है। साइंस कालेज में बीएससी फर्स्ट सेमेस्टर में इस बार 89 प्रतिशत से अधिक कटऑफ गया है। बीएससी फिजिक्स-कंप्यूटर साइंस-मैथ्स में 89.6 प्रतिशत, बॉटनी-बायोटेक-केमेस्ट्री में 89.4 प्रतिशत, जूलॉजी-बायोटेक-केमेस्ट्री में 89.2 प्रतिशत, फिजिक्स-केमेस्ट्री-मैथ्स में 88.8 प्रतिशत, बॉटनी-माइक्रोबायो-केमेस्ट्री में 88.2 प्रतिशत, बॉटनी-जूलॉजी-केमेस्ट्री में 87 प्रतिशत कटऑफ गया है।

साइंस कालेज में पहली लिस्ट के अनुसार 11 जुलाई तक एडमिशन होगा। इसी तरह आत्मानंद इंग्लिश मीडियम कालेज में बीएससी बायोलॉजी फर्स्ट सेमेस्टर में जनरल में 80 प्रतिशत, बीएससी मैथ्स में थोड़ा कम 72 प्रतिशत और बीए फर्स्ट सेमेस्टर में 71 प्रतिशत तथा बीकॉम फर्स्ट सेमेस्टर में सर्वाधिक 83.80 प्रतिशत कटऑफ गया है।

#### कई कालेजों में 90 प्रतिशत से ऊपर कटऑफ

अटल यूनिवर्सिटी के प्रवेश पोर्टल में जिन फ्रेशर छात्र-छात्राओं ने आनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया था, उनकी लिस्ट यूनिवर्सिटी द्वारा संबंधित कालेजों को भेजी गई थी। कालेजों द्वारा मेरिट आधार पर पहली लिस्ट निकाली जा चुकी है, जिसमें काफी हायर कटऑफ गया। बीएससी बायो, गणित सहित बीकॉम में तो हर साल हायर कटऑफ जाता है, किन्तु बीए में भी पहली लिस्ट में कहीं-कहीं हायर कटऑफ देखने को मिल रहा है। शहर के प्रमुख कालेजों में साइंस, आर्टस और कामर्स तीनों संकायों में 90 प्रतिशत से ऊपर ही कटऑफ रहा है।

#### आटोनामस बिलासा गर्ल्स कालेज

आटोनामस गवर्नमेंट बिलासा गर्ल्स डिग्री कालेज, जीडीसी में पहली लिस्ट जारी हो चुकी है। बिलासा गर्ल्स डिग्री कालेज जीडीसी में बीएससी बायो जनरल में 83.3 प्रतिशत, ओबीसी में 80 प्रतिशत, एससी में 78 प्रतिशत और एसटी में 71 प्रतिशत तथा बीएससी मैथ्स में जनरल में 85.4 प्रतिशत, ओबीसी में 82.2 प्रतिशत, एससी में 75.4 प्रतिशत, एसटी में 58.2 प्रतिशत कटऑफ गया है। बीए जनरल में 76.19 प्रतिशत, ओबीसी 69.16 प्रतिशत, एससी 66 प्रतिशत, एसटी में 42.37 प्रतिशत एवं बीकॉम में जनरल में 78.8 प्रतिशत, ओबीसी 71.8 प्रतिशत, एससी 64.2 प्रतिशत, एसटी में 43.89 प्रतिशत कटऑफ गया है।

---

# योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं



**बिलासपुर।** केंद्रीय राज्य मंत्री एवं सांसद तोखन साहू की अध्यक्षता में आयोजित जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में जिले के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर आज चर्चा की गई। बैठक में किसानों, शिक्षा, बिजली व्यवस्था, स्वच्छता, जल संरक्षण और जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। श्री साहू ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए उनका लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाएं।

■ **जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक में की गई चर्चा**

जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में आयोजित बैठक केंद्रीय राज्य मंत्री श्री साहू ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी योजनाओं का बेहतर तरीके से क्रियान्वयन करें और स्वीकृत कार्यों को समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा करें। उन्होंने सुशासन तिहार के दौरान प्राप्त आवेदनों का शत-प्रतिशत निराकरण करने कहा। स्मार्ट सिटी की एडवाइजरी समिति की बैठक आयोजित करने तथा जनप्रतिनिधियों को शामिल करते हुए स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश दिए। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि किसानों को खाद और बीज की उपलब्धता में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने किसानों को जैविक खेती के लिए प्रेरित करने एवं कृषि योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को नियमित रूप से मैदानी क्षेत्रों का भ्रमण कर किसानों से संवाद करने कहा। केंद्रीय राज्य मंत्री ने आत्मा योजना की बैठक नियमित रूप से आयोजित करने के निर्देश दिए। श्री साहू ने कहा कि बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को शिक्षा का स्तर सुधारने के लिए कार्ययोजना तैयार करने, प्राचार्यों की नियमित बैठक लेने और पालकों के साथ बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए। श्री साहू कहा कि इस वर्ष लोगों को बिजली आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ा है। आगामी वर्ष ऐसी स्थिति निर्मित न हो, इसके लिए अभी से कार्ययोजना तैयार कर उसका गंभीरता से क्रियान्वयन किया जाए।

# जिले में एक भी स्कूल एकल शिक्षक वाला नहीं रहेगा

**बिलासपुर।** जिले में एक भी स्कूल एकल शिक्षक वाला नहीं रहेगा। यह बातें कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में राज्य शासन की फ्लैगशिप योजनाओं एवं प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों की विभागवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को दिए।

उन्होंने कहा कि जिले में एक भी स्कूल एकल शिक्षक वाला नहीं होना चाहिए तथा शिक्षा, जनकल्याण, शिकायत निवारण और पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संदीप अग्रवाल सहित सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जिले के एकल शिक्षक विद्यालयों की समीक्षा करते हुए बताया कि वर्तमान में ऐसे 11 विद्यालय हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि इन विद्यालयों में अतिरिक्त शिक्षकों की व्यवस्था शीघ्र सुनिश्चित की जाए। सभी शालाओं में स्मार्ट टीवी एवं अन्य शैक्षणिक संसाधन उपलब्ध करने पर जोर दिया। उन्होंने सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लंबित प्रकरणों का शीघ्र केवाईसी कराने के निर्देश देते हुए कहा कि अधिकारी स्वयं हितग्राहियों को बैंक तक ले जाकर उनकी प्रक्रिया पूरी कराएं। सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी आवेदन का औपचारिक या एकतरफा निराकरण न करें। उन्होंने हेल्पलाइन पोर्टल का प्रतिदिन सुबह और शाम निरीक्षण करने तथा शिकायतों के निराकरण में किसी भी प्रकार की देरी नहीं होने देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बताया कि जिले में इस वर्ष 10 लाख से अधिक पौधे लगाए जाएंगे। आगामी 18 जुलाई को जिला स्तरीय विशाल पौधरोपण कार्यक्रम होगा। इसके लिए वन विभाग द्वारा 8 लाख 17 हजार तथा उद्यानिकी विभाग द्वारा 2.31 लाख पौधे तैयार रखे गए हैं। कलेक्टर ने विधानसभा सत्र के सिलसिले में तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को ध्यानाकर्षण एवं प्रश्नों से संबंधित जानकारी समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने नए शैक्षणिक सत्र के प्रारंभ होते ही छात्रवृत्ति के लिए विद्यार्थियों का शीघ्र पंजीयन कराने पर बल दिया, ताकि उन्हें समय पर छात्रवृत्ति का लाभ मिल सके।




## एजुकेशन प्लस

# छात्रों की पहली पसंद बना चौकसे का सिविल इंजीनियरिंग विभाग




**बिलासपुर।** गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा, व्यावहारिक प्रशिक्षण एवं नवाचार को बढ़ावा देने की दिशा में चौकसे इंजीनियरिंग कॉलेज, बिलासपुर का सिविल इंजीनियरिंग विभाग निरंतर नई ऊँचाइयाँ प्राप्त कर रहा है। शैक्षणिक सत्र 2025–26 विभाग के लिए उपलब्धियों, नवाचार, अनुसंधान एवं व्यावसायिक उत्कृष्टता का वर्ष रहा।

इस दौरान विभाग ने राष्ट्रीय स्तर की कार्यशालाओं, तकनीकी संगोष्ठियों, विशेषज्ञ व्याख्यानों, औद्योगिक भ्रमणों, शैक्षणिक यात्राओं एवं कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों के समग्र विकास की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया। विभाग की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धियों में राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त होना शामिल है, इस विभाग में शैक्षणिक सत्र 2026–27 से एम.टेक. (स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग) कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। इस स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के प्रारंभ होने से क्षेत्र के विद्यार्थियों को उच्च तकनीकी शिक्षा एवं अनुसंधान के लिए बेहतर अवसर स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होंगे। महाविद्यालय प्रबंधन ने बताया कि नए शैक्षणिक सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। एनबीए मान्यता प्राप्त बी.टेक. सिविल इंजीनियरिंग, नव प्रारंभ एम.टेक., आधुनिक अधोसंरचना, उद्योगोन्मुखी प्रशिक्षण, अनुसंधान के अवसर, उत्कृष्ट करियर संभावनाओं के कारण चौकसे इंजीनियरिंग कॉलेज का सिविल इंजीनियरिंग विभाग विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र बनता जा रहा है। इच्छुक विद्यार्थी एवं अभिभावक महाविद्यालय परिसर में संपर्क कर बी.टेक. एवं एम.टेक. (स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग) कार्यक्रमों, आधुनिक प्रयोगशालाओं, एनबीए मान्यता, टेस्टिंग एवं सुविधाओं, छात्रवृत्ति, प्रशिक्षण, प्लेसमेंट एवं अन्य शैक्षणिक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर प्रवेश ले सकते हैं।

# सीईटीए का फायर सेफ्टी जागरूकता पर कार्यक्रम



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ एजुकेशन एंड ट्रेनिंग एसोसिएशन के बिलासपुर चैप्टर द्वारा अपने सदस्य शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थानों के संचालकों, स्टाफ एवं विद्यार्थियों के लिए मॉक ड्रिल एवं फायर सेफ्टी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य प्रशिक्षक फायर इंस्पेक्टर वेद नारायण सेन ने कहा कि अधिकांश अग्नि दुर्घटनाएँ छोटी-सी लापरवाही या एक चिंगारी से शुरू होती हैं, इसलिए सतर्कता, सावधानी एवं समय पर सही निर्णय ही सबसे बड़ा बचाव है। उन्होंने बताया कि सबसे पहले सुरक्षा पिन निकालें, आग के आधार पर निशाना लगाएँ, हैंडल दबाएँ तथा नोज़ल को दाएँ-बाएँ घुमाते हुए आग पर स्प्रे करें। उन्होंने कहा कि यदि आग तेजी से फैल रही हो तो तुरंत सुरक्षित स्थान पर पहुँचकर फायर ब्रिगेड को सूचना देना ही सबसे उचित कदम है। इलेक्ट्रिकल पैनल, स्विच बोर्ड अथवा विद्युत उपकरणों में आग लगने पर कभी भी पानी का उपयोग नहीं करना चाहिए। ऐसी स्थिति में मुख्य विद्युत सप्लाई बंद करें तथा उपयुक्त फायर एक्सटिंग्विशर या रेत का उपयोग करें। मॉक ड्रिल के दौरान आपातकालीन निकासी का अभ्यास कराया गया। धुआँ अधिक होने पर रुमाल या कपड़े को पानी से गीला कर नाक एवं मुँह पर रखें, झुककर अथवा घुटनों के बल चलते हुए सुरक्षित स्थान तक पहुँचें, लिफ्ट का उपयोग बिल्कुल न करें तथा केवल सीढ़ियों एवं निर्धारित इमरजेंसी एक्जिट का ही प्रयोग करें। सीईटीए बिलासपुर चैप्टर के अध्यक्ष मनीष जैन ने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों में विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। संस्थापक एवं संरक्षक सदस्य संदीप गुप्ता ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम सभी शिक्षण संस्थानों के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। वेद नारायण सेन का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अरविंद सिंह एवं कपिल अग्रवाल आदि मौजूद थे।

# कांग्रेस ने सड़कों की बदहाली पर किया प्रदर्शन



**बिलासपुर।** बरसात की पहली ही बारिश में खराब, जर्जर सड़कों की बदहाली सामने आने लगी है। बिल्हा क्षेत्र के अंतर्गत नगपुरा, धमनी, सेंवार, कड़ार से होते हुए झाल जाने वाली मुख्य सड़क की बदहाली को लेकर मंगलवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं सहित ग्रामीणों ने अनूठा विरोध प्रदर्शन किया।

मानसून की बारिश में इस मुख्य मार्ग ने किसी बड़े तालाब का रूप ले लिया है। प्रशासन और स्थानीय भाजपा विधायक धरमलाल कौशिक की अनदेखी से नाराज कांग्रेसियों ने आज सड़क के बीचों-बीच भरे पानी और गड्ढों में जाल डालकर मछली पालन और मछली मारने का स्वांग रचकर अपना विरोध दर्ज कराया। यह अनोखा प्रदर्शन राहगीरों और आम जनता के आकर्षण का केंद्र बना रहा। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने हाथ में मछली पकड़ने का जाल और बाल्टियां लेकर सरकार के झूठे विकास की पोल खोली। कार्यकर्ताओं ने सड़क को लेकर स्थानीय विधायक व सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस प्रदर्शन के दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग विभाग सुनील साहू, तिफरा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष लक्ष्मीनाथ साहू, बिल्हा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गीतांजलि कौशिक, जिला महामंत्री मिश्रा गांधी बंजारे, शिव यादव, महेश ठाकुर, मंडल अध्यक्ष हजारी भारद्वाज, ब्रजेश दुबे, डेरिहा कांत, राहुल राजपूत, वासु निर्मलकर, अनिल चेलकर, कुणाल मरकाम, राहुल भारद्वाज, कुंदन साहू, पिंटू रजक, सीकेश मरकाम, साहिल टंडन सहित अन्य मौजूद रहे।

### किसानों को जल्द रोपा लगाने की सलाह

**बिलासपुर।** पिछले तीन दिनों से जिले में हुई लगातार बारिश के बाद कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को उस पानी का संचयन कर अधिकाधिक उपयोग करने की सलाह दी है। कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को अपने खेतों में मेढ़बंदी करते हुए अधिक से अधिक पानी जमा करने की सलाह दी है। इसके साथ ही यह भी कहा है कि 15 से 21 दिनों की नर्सरी वाले पौधों को जल्द से जल्द रोपित कर दिए जाएं। पिछले कई दिनों से हो रही अच्छी वर्षा तथा आगामी 8 जुलाई तक वर्षा की संभावना को देखते हुए कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक गीत शर्मा ने किसानों के लिए मौसम आधारित कृषि सलाह जारी की है। उन्होंने किसानों से अपील की है कि वे वर्षा जल का अधिकतम उपयोग करते हुए खेतों की मेड़बंदी करें और वर्षा जल का संचयन सुनिश्चित करें।

**जिले में एकमात्र है शासकीय इंग्लिश मीडियम कालेज**

# घुरू में 10 करोड़ की लागत से बन रहा कालेज का नया भवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्वामी आत्मानंद गवर्नमेंट इंग्लिश मीडियम कालेज का नया भवन 10 करोड़ रुपए की लागत से बन रहा है। इंग्लिश मीडियम कालेज भवन के लिए घुरू में जमीन मिल गया है और इसका निर्माण कार्य भी शुरू हो गया है। वर्तमान में इंग्लिश मीडियम कालेज हाईकोर्ट वाले पुराने भवन में पिछले तीन साल से संचालित हो रहा है।

राज्य सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ में 7 स्वामी आत्मानंद गवर्नमेंट इंग्लिश मीडियम कालेज खोले गए हैं, जिसमें से जिले में एकमात्र कालेज बिलासपुर में खोला गया है। कालेज का अपना खुद का नया भवन नहीं बन पाया है इसलिए यह इंग्लिश मीडियम कालेज वर्ष 2023 से हाईकोर्ट वाले शहर के पुराने भवन में संचालित हो रहा है जहां पर अटल यूनिवर्सिटी का कार्यालय भी लगता था। शासन ने इंग्लिश मीडियम कालेज के नए भवन निर्माण के लिए 10 करोड़ रुपए स्वीकृत कर दिया था, किन्तु नए भवन निर्माण के लिए जमीन नहीं मिल रही थी। इस वजह से राशि स्वीकृत होकर पड़ा था। अब कालेज भवन के लिए घुरू में जमीन मिल गई है इसलिए इसकी अब प्रशासकीय स्वीकृति भी हो गई है और पीडब्लूडी द्वारा टेंडर प्रक्रिया के बाद भवन निर्माण का कार्य चालू भी करा दिया गया है। 10 करोड़ रुपए की लागत से जी-प्लस वन कालेज भवन सहित दो हास्टल भवन ब्वायस व गर्ल्स के लिए अलग-अलग निर्माण कराया जा रहा है।

#### ननि ने दी है कालेज भवन के लिए 5 एकड़ जमीन

स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम कालेज का नया भवन नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत घुरू में बन रहा है। इसलिए कालेज भवन सहित हास्टल निर्माण के लिए नगर निगम द्वारा 5 एकड़ जमीन कालेज को दिया गया है। इंग्लिश मीडियम कालेज के भवन निर्माण के लिए पूर्व में कोनी और चिचिरदा में जमीन देखी गई थी। चिचिरदा काफी दूर हो जाता इसलिए वह जमीन पसंद नहीं आई। इसके बाद कालेज की ओर से नगर निगम को जमीन की मांग करते हुए पत्र लिखा गया था। इंग्लिश मीडियम कालेज में शासन के नियमानुसार कम शुल्क में निम्न एवं मध्यम आय वर्ग के परिवारों के विद्यार्थियों को अध्ययन कराया जाता है। इस कालेज में नए भवन एवं छात्र-छात्राओं के 100 सीटर हास्टल व सुविधायुक्त खेल मैदान भी विकसित किया जाना है। इसलिए घुरू स्थित खसरा नंबर 495/2 भूमि में से 5 एकड़ जमीन इंग्लिश मीडियम कालेज और हास्टल निर्माण के लिए दिया गया है।

#### राशि पहले ही स्वीकृत

इंग्लिश मीडियम कालेज के नए भवन निर्माण कार्य शुरू हो गया है। कालेज के नए भवन सहित दो हास्टल निर्माण के लिए नगर निगम से घुरू में 5 एकड़ जमीन मिला है। इस जमीन पर पीडब्लूडी द्वारा निर्माण चालू करा दिया गया है। भवन के लिए शासन से राशि पहले ही स्वीकृत हो गई थी।

**-राजकुमार सचेदव,** प्राचार्य, आत्मानंद इंग्लिश मीडियम कालेज

# कृषि उपकरणों का भरोसेमंद संस्थानः जायसवाल एग्रो

## बिजनेस प्लस

**बिलासपुर।** हाईटेक बस स्टैंड के सामने स्थित जयसवाल एग्रो के संचालक अमित जायसवाल ने बताया कि आधुनिक खेती को बढ़ावा देने और किसानों को बेहतर कृषि उपकरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जायसवाल एग्रो बिलासपुर द्वारा महिंद्रा के उन्नत कृषि उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं। संस्थान में महिंद्रा रोटावेटर, कल्टीवेटर, केज व्हील तथा पैडी ट्रांसप्लांटर सहित विभिन्न कृषि यंत्र उपलब्ध हैं। संचालक श्री जायसवाल ने बताया कि महिंद्रा रोटावेटर मात्र 95000 से शुरू है किसानों की सुविधा के लिए सरकारी अनुदान, आसान फाइनेंस तथा एक्सचेंज सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। महिंद्रा रोटावेटर आकर्षक कीमत से उपलब्ध है, जिससे किसान आधुनिक तकनीक अपनाकर खेती की लागत कम कर अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। जायसवाल एग्रो किसानों को गुणवत्तापूर्ण कृषि उपकरणों के साथ बेहतर सेवा और मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। कृषि यंत्रों की जानकारी एवं खरीद के लिए इच्छुक किसान बिलासपुर स्थित जायसवाल एग्रो से संपर्क कर सकते हैं।



## डीपीएस बिलासपुर में समूह नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन

दिल्ली पब्लिक स्कूल बिलासपुर में विद्यार्थियों के चहुंमुखी विकास के लिए शनिवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत अंतर सदनीय समूह नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें गंगा, ब्रह्मपुत्र, कावेरी और नर्मदा सदन की टीमों ने एक-एक कर मंच पर शानदार प्रस्तुतियां दीं। समूह ई के छात्रों ने लोक नृत्य और समूह एफ के छात्रों ने फ्यूजन थीम पर नृत्य पेश किया।




# चारों सदन की टीमों ने दी शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुति







हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों में टीम भावना, आत्मविश्वास और भारतीय संस्कृति के प्रति प्रेम जागृत करना था। सर्वप्रथम निर्णायक मंडल का स्वागत किया गया। प्रतियोगिता समूह ई (कक्षा छठवीं से आठवीं) एवं समूह एफ (कक्षा नवमीं से बारहवीं) के विद्यार्थियों के मध्य संपन्न हुई।

विभिन्न सांस्कृतिक नृत्यों की श्रृंखला में गंगा सदन ने महाराष्ट्र के "लेज़मि नृत्य", ब्रह्मपुत्र सदन ने आन्ध्रप्रदेश की संस्कृति को उजागर करते हुए "कोलाट्टम नृत्य", कावेरी सदन ने गुजराती लोक संस्कृति पर आधारित "डंडिया रास" एवं नर्मदा सदन ने पंजाबी संस्कृति पर आधारित लोकनृत्य "भांगड़ा व गिद्दा" पर विशेष प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। समूह एफ के प्रतिभागियों ने भारतीय एवं विदेशी भाषाओं के गानों के बोल को शामिल कर अद्भुत प्रस्तुतियां दीं। सभी प्रतिभागियों ने रंग-बिरंगी वेशभूषा में एक साथ बखूबी नृत्य पेश किए। निर्णायक की भूमिका नृत्य तेजस्विनी, उत्कृष्ट कलाकार, कलाभूषण उपाधि से विभूषित डॉ तनुश्री चौहान एवं अनुभवी व पारंगत नृत्य शिक्षक नागेश्वर राठौर ने निभाई। अंत में दोनों निर्णायकों ने विद्यार्थियों के परिश्रम की सराहना की एवं नृत्य की बारीकियों से अवगत भी कराया। डॉ तनुश्री के अद्भुत नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम की संयोजिका अल्पना मजूमदार रहीं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सभी सदनों के सदन नायकों एवं सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का सहयोग रहा।

### बच्चों में बढ़ती है रचनात्मकता

प्राचार्य जसपाल सिंह मथ ने विजेता टीमों को बधाई दी और कहा कि ऐसी प्रतियोगिता बच्चों में अनुशासन और रचनात्मकता बढ़ाती हैं। आरसी मोहंती ने भी सभी प्रतिभागियों की सराहना की।

### ये रहे विजेता

समूह ई से कावेरी सदन द्वारा प्रस्तुत डंडिया रास ने प्रथम स्थान, गंगा सदन के लेज़मि नृत्य ने द्वितीय एवं ब्रह्मपुत्र सदन के कोलाट्टम नृत्य ने तृतीय स्थान प्राप्त कर सदन एवं विद्यालय की गरिमा बढ़ाई। समूह एफ से ब्रह्मपुत्र एवं कावेरी ने सामूहिक रूप से प्रथम स्थान अर्जित किया। वहीं नर्मदा सदन ने द्वितीय एवं गंगा सदन ने तृतीय स्थान प्राप्त कर परचम लहराया।

कार्यक्रम

## रोटरी क्लब द्वारा रक्तदान स्वास्थ्य परीक्षण शिविर



**बिलासपुर।** रोटरी क्लब ऑफ द्वारा सभी पाँच रोटरी क्लबों एवं कॉस्मो दिवाज़ के संयुक्त सहयोग से रविवार को रामकृष्ण आश्रम कोनी में एक विशाल रक्तदान एवं निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा नागरिकों को विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य जांच एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों का निःशुल्क परामर्श उपलब्ध कराना था। कार्यक्रम का शुभारंभ रामकृष्ण आश्रम के पूज्य स्वब्रतानंदजी महाराज के आशीर्वचन से हुआ। उनकी गरिमामयी उपस्थिति ने पूरे आयोजन को आध्यात्मिक ऊर्जा एवं प्रेरणा प्रदान की। इस अवसर पर सिम्स के डीन डॉक्टर रमनेश मूर्ति उपस्थित थें। पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डॉ आर ए शर्मा एवं एस पी चतुर्वेदी, डॉ भांजा, संजय दुबे, डॉ निताशा सोनी एवं डॉ हेमंत चटर्जी का विशेष सहयोग रहा। शिविर में नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और रक्तदान किया। सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर उनका सम्मान किया गया तथा उनके लिए अल्पाहार एवं जलपान की व्यवस्था भी की गई। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में श्री राम केयर हॉस्पिटल द्वारा ईसीजी, हीमोग्लोबिन, रैंडम ब्लड शुगर जांच एवं आहार संबंधी परामर्श उपलब्ध कराया गया। क्लब के सचिव रोटेरियन रणजीत पाल सिंह बाली, कोषाध्यक्ष रोटेरियन राजीव भारद्वाज, रोटेरियन,डॉ बी आर नंदा, डॉ प्रभात श्रीवास्तव, रोटेरियन नवनीत अग्रवाल, आर के. शर्मा, पायल लाठ, सुनील सुल्तानिया, डॉ अजय पंड्या, प्रो. डॉ. आर. के. सक्सेना तथा आशीष अग्रवाल सिद्धार्थ भट्टाचार्य तपन नसकर सहित क्लब के अनेक सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

# केवि में गाइड राज्य पुरस्कार टेस्टिंग कैम्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

केन्द्रीय विद्यालय सीआरपीएफ बिलासपुर परिसर में सोमवार को पांच दिवसीय गाइड राज्य पुरस्कार टेस्टिंग कैम्प का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि प्राचार्य रमाकांत कौशिक ने कहा कि भारत स्काउट्स-गाइड्स केवल एक संगठन नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण, नेतृत्व विकास और राष्ट्र सेवा की भावना का सशक्त माध्यम है।

मुख्य अतिथि प्राचार्य श्री कौशिक ने प्रतिभागियों से अनुशासन, आत्मविश्वास और समर्पण के साथ सभी गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया। मुख्य परीक्षक लता माथुरिया ने कहा कि राज्य पुरस्कार टेस्टिंग कैम्प विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, आत्मनिर्भरता और सामाजिक उत्तरदायित्व को सुदृढ़ करने का महत्वपूर्ण अवसर है। कैम्प प्रभारी रेबेका थॉमस ने बताया कि इस कैम्प के दौरान प्रतिभागियों का परीक्षण स्काउटिंग-गाइडिंग के सिद्धांतों, प्राथमिक उपचार, गांठ व बंधन, ध्वज शिष्टाचार, मानचित्र अध्ययन, सामुदायिक सेवा, पर्यावरण संरक्षण, नेतृत्व कौशल तथा अन्य व्यवहारिक गतिविधियों के आधार पर किया जाएगा।

कैम्प में रवींद्र सहमी, प्रतिमा सिंह,उपासना गोंडलेकर, दीपा सराफ, रीना साहू अपनी महत्वपूर्ण सहभागिता दे रही हैं। बच्चों ने संगीत शिक्षक अशोक देवांगन के मार्गदर्शन में स्वागत गीत एवं मनमोहक समूह नृत्य प्रस्तुत किया। शिविर आयोजन में जानकी कुशवाहा, भूपेन्द्र श्रीवास्तव, सौरभ सिंह राजपूत की सक्रिय भूमिका रही। यह जानकारी गाइड प्रभारी निर्मला साहू ने दी। धन्यवाद ज्ञापन गुड्डी कुमारी ने किया।



### पांच दिनों तक निखरेंगे नेतृत्व व सेवा के संस्कार

## नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए 31 तक आवेदन

**बिलासपुर।** नवोदय विद्यालय समिति ने कक्षा 6 शैक्षणिक 2027-28 के लिए ऑफिशियल नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। जो अभिभावक अपने बच्चे का दाखिला नवोदय में करवाना चाहते हैं। वे जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं। जेएनवीएसटी परीक्षा के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू हो गए हैं। प्रवेश-परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन 31 जुलाई, तक स्वीकार किए जाएंगे। सभी अभिभावकों को सलाह दी जाती है कि वे तय समय-सीमा से पहले आवेदन प्रक्रिया को अवश्य पूरा कर लें। एनवीएस की ओर से जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा परीक्षा का आयोजन 28 नवंबर को किया जाएगा। परीक्षा समाप्त होने के पश्चात परिणाम की घोषणा मार्च या अप्रैल में की जा सकती है। आवेदन करने के लिए छात्र किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा 5वीं में अध्ययनरत होना चाहिए। छात्र उसी जिले का निवासी होना चाहिए, जहां छात्र एनवीएस स्कूल में दाखिले के लिए अप्लाई कर रहे हैं। आवेदन करने के लिए छात्र का जन्म 1 मई 2015 से लेकर 31 जुलाई, 2017 के बीच में होना चाहिए। प्रवेश परीक्षा में छात्रों से मेंटल एबिलिटी, पर्यावरण अध्ययन, अर्थमैटिक और भाषा विषय से 100 अंकों के 80 बहुविकल्पीय प्रकार के सवाल पूछे जाएंगे। परीक्षा की अवधि 2 घंटे निर्धारित की गई है।

आयोजन

## इनर व्हील क्लब ऑफ रॉयल्स ने किया पौधरोपण



बिलासपुर। पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के उद्देश्य से इनर व्हील क्लब ऑफ बिलासपुर रॉयल्स द्वारा पामगढ़ के समीप स्थित एक स्टोन क्रशर फैक्ट्री परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान फलदार एवं ऑक्सीजन देने वाले पौधों का रोपण किया गया, जिससे प्रदूषण को कम करने और पर्यावरण संरक्षण में योगदान दिया जा सके। कार्यक्रम के दौरान क्लब की अध्यक्ष असमा नासिर ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण को नियंत्रित करने और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण देने के लिए अधिक से अधिक वृक्ष लगाना समय की आवश्यकता है। इस अवसर पर क्लब ने वर्षभर में तीन हजार पौधे लगाने का संकल्प भी लिया। क्लब ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे अपने जीवन में अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनकी देखभाल करें, ताकि प्रकृति के संरक्षण में सभी की सहभागिता सुनिश्चित हो सके। इनर व्हील क्लब ऑफ बिलासपुर रॉयल्स का यह प्रयास पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल है। इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष असमा नासिर, सचिव लीना सिंह, कोषाध्यक्ष स्नेहा अग्रवाल, आईएसओ वंशिका वर्मा, संयुक्त सचिव नूपुर जाजोड़िया सहित क्लब की अन्य सदस्याएँ उपस्थित रहीं।

# विद्यार्थियों को सिखाए जाएंगे एआई सहित पायथन व साइबर सिक्योरिटी

सीबीएसई क्लास 8वीं से 12वीं तक के छात्रों के लिए फ्री कोर्सेस संचालित करेगा। छात्र अब घर बैठे मुफ्त में एआई, पायथन, कोडिंग और साइबर सिक्योरिटी जैसे 19 एडवांस कोर्स के लिए रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। सीबीएसई बोर्ड ने फ्री कोर्स की लिस्ट भी जारी की है। छात्रों को टेक्नोलॉजी से अपडेट करने और खुद को अपग्रेड करने सीबीएसई द्वारा यह कदम उठाया गया है। सीबीएसई ने कक्षा 8वीं से 12वीं तक के स्टूडेंट्स को मॉडर्न टेक्नोलॉजी से जोड़ने के लिए 19 ऑनलाइन कोर्स लॉन्च किए हैं। इन कोर्स के लिए छात्रों को पैसे खर्च नहीं करने होंगे। ये बिल्कुल मुफ्त हैं।

### एक से लेकर 100 घंटे तक के कोर्स, सुविधानुसार समय चुन सकते हैं छात्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आमतौर पर किसी संस्थान या कोचिंग इंस्टिट्यूट में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, पायथन प्रोग्रामिंग और साइबर सिक्योरिटी जैसे एडवांस सब्जेक्ट्स सीखने के लिए हजारों रुपए की फीस भरनी पड़ती है। लेकिन अब सीबीएसई से मान्यता प्राप्त स्कूलों के छात्र घर बैठे ही ये हाई-टेक विषय पढ़ सकते हैं।

बोर्ड ने सभी स्कूलों को निर्देश दिया है कि वे इस बेहतरीन पहल की जानकारी बच्चों और उनके माता-पिता तक पहुंचाएं। इन कोर्सेस को ऐसे डिजाइन किया गया है कि ये बच्चों की रेगुलर पढ़ाई को डिस्टर्ब किए बिना उनकी डिजिटल स्किल्स को मजबूत करेंगे।

■ ऑनलाइन रहेंगे ये कोर्स




**हिंदी में भी कोर्स :** सीबीएसई ने इस लिस्ट में बेसिक से लेकर एडवांस लेवल तक के कोर्सेस शामिल किए हैं। इनमें से कई कोर्स हिंदी और इंग्लिश दोनों भाषाओं में उपलब्ध हैं, जिससे भाषा की वजह से किसी बच्चे की पढ़ाई न रुके। सीबीएसई के फ्री कोर्स की लिस्ट वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। ये पाठ्यक्रम लचीले हैं। छात्रों को किसी तय समय पर कंप्यूटर के सामने बैठने की पाबंदी नहीं होगी। वे अपनी सुविधा के अनुसार जब चाहें, घर बैठे लॉग-इन करके पढ़ सकते हैं। सीबीएसई के फ्री कोर्स की अवधि भी उनके टॉपिक के हिसाब से अलग-अलग है। कुछ बेसिक कोर्स महज 1.5 घंटे के हैं, जिन्हें 1 ही दिन में खत्म किया जा सकता हैं।

हेल्थ प्लस

## बारिश में कंजक्टिवाइटस का खतरा इन तरीकों से करें बचाव

**बिलासपुर।** बारिश का मौसम आंखों के संक्रमण के खतरे को बढ़ा सकता है, जिसे कंजक्टिवाइटस कहते हैं। यह संक्रमण आंखों में सूजन, लालिमा और जलन का कारण बनता है। मानसून में बढ़ती नमी और बैक्टीरिया का स्तर इस संक्रमण के फैलने का मुख्य कारण हो सकता है। आइए आज हम आपको 5 ऐसे सरल सुझाव देते हैं, जिन्हें अपनाकर आप बारिश के मौसम में भी इस संक्रमण से बच सकते हैं। बारिश के दौरान आंखों को साफ रखना बहुत जरूरी है, क्योंकि गंदगी और बैक्टीरिया संक्रमण का कारण बन सकते हैं। अपने हाथों को साबुन और पानी से धोने के बाद ही आंखों को छुएं। इसके अलावा नियमित रूप से अपनी आंखों को साफ पानी से धोएं, ताकि किसी भी प्रकार की गंदगी या बैक्टीरिया का प्रभाव कम हो सके। संक्रमण के बैक्टीरिया आसानी से एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैल सकते हैं, इसलिए कभी भी अपना तौलिया किसी दूसरे व्यक्ति के साथ साझा न करें। बारिश के मौसम में आंखों को बार-बार छूने से बचें, क्योंकि संक्रमण का कारण बन सकते हैं।



स्पोटर्स न्यूज

# अटल विवि के खिलाड़ी का ओलंपिक्स यूनिफाइड फुटबॉल में चयन

अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के लिए अत्यंत गर्व और सम्मान का विषय है, स्पेशल ओलंपिक्स यूनिफाइड फुटबॉल वर्ल्ड कप पेरिस के लिए छत्तीसगढ़ से पुलक देव गौतम का चयन हुआ है। स्पेशल ओलंपिक्स भारत की यूनिफाइड फुटबॉल टीम में छत्तीसगढ़ के यूनिफाइड पार्टनर पुलक देव गौतम का चयन स्पेशल ओलंपिक्स यूनिफाइड फुटबॉल वर्ल्ड कप पेरिस के लिए हुआ है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

यह उपलब्धि छत्तीसगढ़ एवं यूनिफाइड फुटबॉल स्पेशल ओलंपिक्स की एक समावेशी खेल अवधारणा है। जिसमें बौद्धिक दिव्यांग खिलाड़ी और सामान्य खिलाड़ी एक ही टीम के रूप में साथ खेलते हैं। यह प्रतियोगिता खेलों के माध्यम से समान अवसर, सहभागिता और सामाजिक समावेशन का संदेश देती है। भारतीय दल को पेरिस के लिए रवाना होने से पूर्व मानव रचना विश्वविद्यालय, फरीदाबाद में आयोजित भव्य विदाई समारोह में खिलाड़ियों,यूनिफाइड पार्टनर्स एवं प्रशिक्षकों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर डिप्टी कमिश्नर आयुष सिन्हा, मानव रचना एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस के डायरेक्टर जनरल डॉ एन सी वाधवा तथा वाइस प्रेसिडेंट डॉ अमित भल्ला ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें विश्वकप के लिए शुभकामनाएँ दीं। समारोह में स्पेशल ओलंपिक्स भारत, छत्तीसगढ़ के एरिया डायरेक्टर डॉ प्रमोद तिवारी ने पुलक देव गौतम को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल प्रदर्शन की कामना की। इस अवसर पर पुलक देव गौतम के माता-पिता, डॉ तर्णीश गौतम, उनकी बहन एवं परिवार के सदस्य भी उपस्थित रहे और पूरी भारतीय टीम को अपनी शुभकामनाएँ एवं आशीर्वाद प्रदान किया। स्पेशल ओलंपिक्स भारत, छत्तीसगढ़ परिवार ने विश्वास व्यक्त किया कि पुलक देव गौतम एवं भारतीय टीम स्पेशल ओलंपिक्स यूनिफाइड फुटबॉल वर्ल्ड कप पेरिस में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर भारत, छत्तीसगढ़ एवं अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करेंगे।






## खबर संक्षेप

### मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपेगा कर्मचारी संघ

**मुंगेली।** छह सूत्रीय मांगों को पूरा कराने छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ मुंगेली एवं संबद्ध संगठन छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य संयोजक संघ छत्तीसगढ़ आईटीआई कर्मचारी संघ, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी संघ, छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय छात्रवास अधीक्षक संघ, छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी पेंशनर एसोसिएशन संघ के द्वारा 7 से 11 जुलाई के मध्य स्थानीय सांसदों एवं विधायकों को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### लोरमी तहसील में 64.3 मिमी बारिश

**मुंगेली।** जिले में 284 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुंगेली तहसील में 55 मिली मीटर, पथरिया तहसील में 28.6 मिली मीटर, लोरमी तहसील में 64.3 मिली मीटर, लालपुर थाना तहसील में 62.2 मिली मीटर, जरहागांव में 8.0 मिली मीटर और सरगांव में 22.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में 1 जून से अब तक 1703.8 मिलीमीटर वर्षा हो चुकी है।

### प्राक्चयन परीक्षा का परिणाम घोषित

**मुंगेली।** मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए आयोजित प्राक्चयन परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि उक्त प्राक्चयन परीक्षा का आयोजन 05 जुलाई 2026 को किया गया था। परीक्षा परिणाम के संबंध में अभ्यर्थियों से दावा एवं आपत्ति आमंत्रित किया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी 09 जुलाई 2026 तक जिला कलेक्टोरेट स्थित कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग, मुंगेली के कक्ष क्रमांक 221 में निर्धारित समयावधि के भीतर अपना दावा अथवा आपत्ति आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

### सीएम हेल्पलाइन की मदद से मिला आयुष्मान कार्ड

**मुंगेली।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन और जनसेवा के संकल्प को मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 लगातार साकार कर रही है। । विकासखंड पथरिया के ग्राम सिलदहा निवासी शेखर कुमार ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके पुत्र अयान्स कुमार का आयुष्मान कार्ड नहीं बन पा रहा है, जिससे उन्हें स्वास्थ्य योजना का लाभ मिलने में कठिनाई हो रही थी। शिकायत प्राप्त होते ही जिला आयुष्मान टीम ने मामले को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए तत्काल आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन किया और तकनीकी प्रक्रिया पूरी कर सिर्फ 10 मिनट में आयुष्मान कार्ड तैयार कर हितग्राही को उपलब्ध करा दिया। आयुष्मान कार्ड प्राप्त होने के बाद शेखर कुमार ने कहा कि उन्होंने इतनी शीघ्र कार्यवाही की उम्मीद नहीं थी।

## निधन

### गोदावरी श्रीवास



**बिलासपुर।** ग्राम लाखासर निवासी गोदावरी श्रीवास का 7 जुलाई को निधन हो गया। वे 72 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार लाखासर स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. अर्जुन श्रीवास की धर्मपत्नी, स्व. बबला श्रीवास, पुरुषोत्तम श्रीवास छोटू की माता थीं।

### बहुरा कोरी



**बिलासपुर।** कुदुदंड निवासी बहुरा कोरी का 7 जुलाई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे संतोष, सुरेंद्र, शैल, बेबी, सुषमा, रानी की मां एवं डिम्पी की दादी थीं।

### पंचराम साहू



**तखतपुर।** ग्राम मौहाभाठा निवासी पंचराम साहू 85 वर्ष का 6 जुलाई को निधन हो गया। वे प्रेमी, पुहुप, अजीत, प्रदीप, दूजराम, कुमारी, अमरिका व उदरिका साहू के पिता एवं पिल्लूराम साहू के चाचा थे। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम मौहाभाठा में किया गया।

## बिजली समस्या को लेकर आज बंद का आह्वान

# सकरी की महिलाओं ने घेरा बिजली दफ्तर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सकरी



बिजली समस्या से त्रस्त और जेई के व्यवहार से दुखी सैदा दीनदयाल कॉलोनी की महिलाओं ने सकरी बिजली कार्यालय का घेराव कर लगातार जेई से मिलने की मांग करने लगी लेकिन जेई कार्यालय में नहीं मिली।आक्रोशित महिलाओं ने तीन घंटे तक इंतजार किया लेकिन जेई नहीं पहुंची गुस्साई महिलाओं ने जल्द विद्युत व्यवस्था में सुधार नहीं होने पर आंदोलन की बात कही।

मामला सकरी विद्युत कार्यालय का है, सकरी डीसी अंतर्गत सैदा ग्राम आता है यहां दीनदयाल कॉलोनी में 200 परिवार निवासरत है। यहां की महिलाएं मंगलवार को बिजली ऑफिस का घेराव करने पहुंची उनका आरोप है कि उनके कॉलोनी में विद्युत व्यवस्था का हालात खराब है आए दिन यहां बिजली गुल रहती है , कभी लो वोल्टेज ,तो कभी हाईवोल्टेज की समस्या रहती है जिसके कारण उनकी दैनिक दिनचर्या प्रभावित रहती है। इन समस्याओं की जानकारी देने के बाद भी निदान नहीं होता उल्टे अधिकारी बेरुखी से बात करते है। सकरी विद्युत कार्यालय में पदस्थ जूनियर इंजीनियर कंचन खूंटे के प्रति महिलाओं में ज्यादा आक्रोश देखने को मिला। महिलाओं ने जेई कंचन खूंटे पर आरोप लगाते हुए कहा कि बिजली की समस्या होने पर जब कॉलोनी निवासी उन्हें समाधान के लिए फोन लगाते है तो वो फोन रिसीव नहीं करती है,वही कार्यालय जाने पर कल आने की बात कहकर टाल देती है ना तो कार्यालय में मिलती है, महिलाओं ने कहा ऐसा कई बार हो चुका है । मंगलवार को जब महिलाएं कार्यालय पहुंची तो जेई अनुपस्थित थी, महिलाएं उनसे मिलने की जिद पर अड़ी रही और तीन घंटे तक जेई के विरोध में नारेबाजी करते हुए उनका इंतजार करती रही। देर शाम तक जेई के नहीं पहुंचने पर आक्रोशित महिलाओं ने उपस्थित कर्मचारियों को अल्टीमेटम देते हुए जल बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने मांग की। सकरी में विद्युत समस्या को लेकर नगर बंद आजः- नगर में विद्युत व्यवस्था की बदहाली को लेकर सकरी नगर के व्यापारी संघ द्वारा बुधवार को नगर बंद का आह्वान किया है ।

### होगा समस्या का समाधान

मुझे जानकारी मिली है कि आज दीनदयाल कालोनी की महिलाएं विद्युत समस्या को लेकर कार्यालय आई थीं। जेई से उनकी मुलाकात नहीं हो पाई ।उनकी समस्या का त्वरित समाधान करने निर्देशित किया है।

**-सौरभ विश्वकर्मा**
ए ई विद्युत कार्यालय सकरी

### एक लाख से अधिक किसानों का पंजीयन पूर्ण

**मुंगेली।** जिले में किसानों को डिजिटल कृषि सेवाओं से जोड़ने और भविष्य की सभी शासकीय योजनाओं का लाभ सहजता से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित एग्रीस्टैक पंजीयन अभियान तेज गति से आगे बढ़ रहा है। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशन में जिले के 1 लाख 18 हजार 110 से अधिक किसानों का पंजीयन पूर्ण कर लिया गया है। वहीं एक्जेम्प्टेड श्रेणी के 88 प्रतिशत किसानों का भी सफलतापूर्वक पंजीयन किया जा चुका है। इसी संबंध में आज जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में एडीएम निष्ठा पाण्डेय तिवारी ने एग्रीस्टैक एवं किसान पंजीयन की प्रगति की विस्तार से समीक्षा करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को जिले में शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शेष किसानों का पंजीयन युद्धस्तर पर पूरा किया जाए। बैठक में तहसील जारहागांव, मुंगेली, पथरिया, लालपुर एवं सरगांव की प्रगति की समीक्षा की गई।

## युवक पर चाकू से हमला, आरोपी गिरफ्तार



**मुंगेली।** वैवाहिक कार्यक्रम के दौरान बैंड बजाने की बात पर हुए विवाद में युवक पर चाकू से हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

प्रार्थी शिवदास पात्रे, निवासी धनगांव (च) द्वारा थाना सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 3 जून को वह अपने साथियों के साथ ग्राम हेडसपुर में आयोजित चुलमाटी कार्यक्रम में बैंड बजाने गया था। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद जब बैंड पार्टी अपने गांव लौटने की तैयारी कर रही थी, तभी ग्राम हेडसपुर निवासी महेन्द्र जांगडे वहां पहुंचा और दोबारा बैंड बजाने की जिद करने लगा, मना करने पर उसने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए अपने पास रखे चाकू से शिवराज पात्रे पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तत्काल जिला अस्पताल मुंगेली में भर्ती कराया गया।

प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में धारा 296, 115(2), 351(3), 118(1) पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस ने आरोपी महेन्द्र जांगडे को हिरासत में लेकर चाकू जब्त कर लिया है। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

## शराब बिक्री का विरोध करने पर महिला से गाली गलौज

**तखतपुर।** शराब बिक्री नही करने की सलाह देने वाली महिला समूह की सदस्य के साथ आरोपीयों ने गाली गलौज कर दिया। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार साल्हेडबरी निवासी उर्मिला राज ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह समूह और पंचायत सदस्यों के साथ गांव में नशा मुक्ति के खिलाफ रैली निकाली थी। गांव के ही आरोपी राजकुमार बैगा, संजय बैगा, कुंवरिया बैगा शराब बनाने का धंधा करते है जिससे वह मना करने गई थी। इसी बात को लेकर आरोपीयों ने 4 जुलाई को सुबह 9 बजे उसके साथ गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने धारा 296, 3, 5, 351,3 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

## बरेला में राष्ट्रीय राजमार्ग बदहाल, बना जानलेवा



**जरहागांव।** एक ओर सरकार विकास और सुशासन के दावे कर रही है, वहीं दूसरी ओर बरेला नगर से गुजरने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)की सड़क विभागीय उदासीनता और प्रशासनिक लापरवाही की पोल खोल रही है। बरसात की शुरुआत के साथ ही सड़क पर बने गहरे गड्ढे जानलेवा साबित होने लगे हैं । नगर के इमली चौक, सेमरचुवा मोड़ और पेट्रोल पंप के समीप सड़क की स्थिति अत्यंत भयावह हो चुकी है। बरसात के पानी से भरे गड्ढे राहगीरों के लिए मौत का जाल बन गए हैं। जिससे आए दिन घटना की आशंका बनी रहती है। नगर पंचायत अध्यक्ष नरेश पटेल ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के एसडीओ को कई बार समस्या से अवगत कराया गया।

हर बार जल्द काम शुरू करने का आश्वासन मिलता है लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि सड़क बदहाल हो गई। उन्होंने कहा कि जनता अब खोखले आश्वासनों से तंग आ चुकी है और सड़क निर्माण की ठोस कार्यवाही चाहती है। अब नगरवासियों की उम्मीदें प्रशासन और राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग पर टिकी हैं। सवाल केवल सड़क का नहीं, बल्कि राहगीरों की सुरक्षा का भी है।




## नशामुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान रथ पहुंचा मस्तूरी

**मस्तूरी।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय प्रभु अनुराग भवन कोटमीसुनार द्वारा 10 करोड़ नशामुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान रथ पांचवें दिन भी पूरे उत्साह के साथ जारी रहा। मंजू दीदी के सानिध्य में नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। शासकीय हाई स्कूल बाना परसाही में आयोजित कार्यक्रम में 52 विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों ने नशामुक्ति की प्रतिज्ञा की। विद्यालय के प्राचार्य प्रशांत साहू ने विद्यार्थियों को स्वस्थ एवं अनुशासित जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया। वहीं स्वर्गीय जी.डी. दीवान शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कटनई में आयोजित कार्यक्रम में लगभग 400 विद्यार्थियों एवं 22 शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर नशामुक्त भारत के निर्माण में अपनी सहभागिता का संकल्प लिया। विद्यालय के प्राचार्य राकेश मार्बल ने अभियान की सराहना करते हुए इसे समय की मांग बताया। अभियान के अंतर्गत ग्राम बम्हनीन में 25 ग्रामीण ग्राम कटनई में 75 ग्रामीण, कोटगढ़ में 200 ग्रामीणों को इस प्रकार बरगवां कटघरी, साकर, सोना दूल्हा, फरहदा में भी नशामुक्ति की प्रतिज्ञा दिलाई गई। इस अभियान में बीके शशिप्रभा दीदी, बीके पूर्णिमा दीदी, बीके श्यामा दीदी, बहन हेमवती एवं बहन राजकुमारी ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

## जमीन विवाद में दो पक्षों में मारपीट

तखतपुर। क्षेत्र के निगारबंद में जमींन की बात को लेकर दो पक्षों में गाली गलौज करते हुए मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर एक दूसरे के खिलाफ काउंटर केस दर्ज कर मामले को विवेचना में ले लिया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार निगारबंद निवासी सावित्री बाई कश्यप ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 5 जुलाई को शाम 4 बजे वह गांव के ही उमाशंकर के घर के पास गई थी तभी खिलेंद्र कश्यप, कमोदनी कश्यप, मनोज कश्यप ने जमींन हमारा है कहते हुए गाली गलौज की और फिर मारपीट की। वहीं कमोदनी कश्यप ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि नदीम उर्फ नुरेश कश्यप और विकास कश्यप ने आकर जमींन हमारा है कहते हुए गाली गलौज करते हुए मारपीट की। रिपोर्ट पर एक दूसरे के खिलाफ धारा 115,2 296, 3,5, 351,3 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

## घर के बाहर खड़ा दोपहिया वाहन चोरी

तखतपुर। घर के सामने खड़ी दूपहिया वाहन को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 303,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है। पुलिस के अनुसार आजाद नगर निवासी शिक्षक कार्तिक राम पनागर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 5 जुलाई को रात्रि में खाना खाकर वह अपनी दूपहिया वाहन सीजी 10 बीजी 2787 को घर के सामने लाक कर सो गया और जब सुबह 5 बजे देखा तो दूपहिया वाहन गायब थी। जिसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज करायी गई। पुलिस ने धारा 303,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है।




## लायंस क्लब बिलासपुर स्माइल ने भरारी में किया पौधरोपण

**बिलासपुर।** पर्यावरण संरक्षण और जनस्वास्थ्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के तहत लायंस क्लब बिलासपुर स्माइल ने ग्राम भरारी में वृहद पौधरोपण अभियान चलाया। इस दौरान औषधीय, फलदार और छायादार पौधे लगाए गए तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया गया।

क्लब के संस्थापक एवं अध्यक्ष रीता राजगीर ने कहा कि पौधरोपण केवल पौधे लगाना नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ पर्यावरण का संकल्प है। उन्होंने अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने की अपील की। ग्रामीणों ने इस कार्यक्रम की सराहना की। कार्यक्रम में क्लब की अध्यक्ष रीता राजगीर, सचिव दीप्ति साहू (अधिवक्ता), डॉ. ज्योति नामदेव, ज्योति सिंहरोल, गीता प्रजापति, रिकू सहित कई सदस्य और ग्रामीण मौजूद रहे। प्रदीप पाण्डेय प्रधान पाठक महेश राम साहू सहायक शिक्षक श्याम भूषण लाल सहायक शिक्षक लक्ष्मी बृजवासी सहायक शिक्षक चंद्रहास साहू सहायक शिक्षक डॉ. अर्चना तिवारी संकुल प्रभारी विनय शुक्ला सरपंच ग्राम पंचायत भरारी प्रताप सूर्यवंशी बिहारी लाल गढ़ेवाल उपाध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति आदि मौजूद थे।

## सहकारी समितियों में लगा स्वास्थ्य शिविर



स्वास्थ्य जांच करते चिकित्सक।

**मुंगेली।** सहकारिता सप्ताह अंतर्गत जिले की सहकारी समितियों में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सैकड़ों किसानों ने स्वास्थ्य जांच कराकर लाभ उठाया। साथ ही समिति सदस्यों एवं ग्रामीणों को स्वास्थ्य परीक्षण, चिकित्सकीय परामर्श तथा स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता सेवाएं प्रदान की गईं।

सहायक आयुक्त सहकारिता हितेश श्रीवास ने बताया कि स्वास्थ्य शिविरों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने के साथ-साथ सहकारिता के माध्यम से जनकल्याणकारी गतिविधियों को बढ़ावा देना रहा। शिविरों में चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा रक्तचाप, मधुमेह सहित विभिन्न सामान्य बीमारियों की जांच की गई तथा आवश्यकतानुसार निःशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने ग्रामीणों को संतुलित आहार, नियमित स्वास्थ्य जांच, स्वच्छता, मौसमी बीमारियों से बचाव एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। साथ ही शासन द्वारा संचालित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं एवं आयुष्मान भारत योजना के लाभों से भी अवगत कराया गया।

## देसी शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार



**मुंगेली।** ग्राम मोतीमपुर में आबकारी विभाग ने अवैध देसी शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया। आबकारी विभाग की टीम ने ग्राम मोतीमपुर निवासी मनजीत बघेल की दुकान की विधिवत तलाशी ली। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 13.32 बल्क लीटर देसी शराब प्लेन बरामद की गई। बरामद शराब के संबंध में आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क), 34(2) एवं 59(क) के तहत गैर-जमानती प्रकरण दर्ज किया गया। मौके पर ही आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। सहायक आबकारी अधिकारी रविन्द्र पाण्डेय ने कहा कि जिले में अवैध शराब के कारोबार के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा।

## जेल परिसर के आस पास नो ड्रोन फ्लाइंग जोन

**मुंगेली।** जिला जेल मुंगेली की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कुन्दन कुमार ने आदेश जारी करते हुए जिला जेल परिसर एवं उसके 500 मीटर परिधि क्षेत्र नो ड्रोन फ्लाइंग जोन घोषित किया है।

आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। जारी आदेश के अनुसार, जेल परिसर में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना एवं सुरक्षा संबंधी जोखिमों की आशंका को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। असामाजिक तत्वों द्वारा ड्रोन के माध्यम से प्रतिबंधित सामग्री जेल परिसर में पहुंचाने की संभावना को रोकने तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह कदम उठाया गया है। आदेश के तहत जिला जेल के 500 मीटर के दायरे में किसी भी व्यक्ति, संस्था अथवा एजेंसी द्वारा बिना सक्षम अनुमति के ड्रोन, कैमरा युक्त ड्रोन या अन्य किसी भी प्रकार के मानव रहित उड़ान उपकरण (यूएवी) का संचालन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। यदि किसी शासकीय अथवा सुरक्षा संबंधी कार्य के लिए ड्रोन संचालन आवश्यक हो, तो संबंधित विभाग को अनुविभागीय दण्डाधिकारी, मुंगेली से पूर्व अनुमति प्राप्त करनी होगी। कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता एवं अन्य प्रासंगिक विधिक प्रावधानों के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बिलासपुर (छ.ग.)

ई-कोर्ट प्र.क्र. 202404072400586/अ-6/ 2023-24 ग्राम सरकण्डा तह. व जिला बिलासपुर छ.ग.

रेखा सोमावार पति स्व. गणेश सोमावार वगै. निवासी विनोबानगर लिटिल स्टार स्कूल के सामने तहसील व जिला बिलासपुर.. अपीलार्थीगण **बनाम** श्रीमती दुर्गा सोमावार पिता अन्नैया सोमावार वगै. निवासी गायत्री हास्पिटल के बाजु सरकण्डा तहसील व जिला बिलासपुर ...उत्तरवादीगण

**सूचना**

प्रति,
1. श्रीमती दुर्गा सोमावार पिता अन्नैया सोमावार 2.(अ) मीना सोमावार पति स्व. राजू सोमावार (ब) संजय सोमावार पिता स्व. राजू सोमावार (स) आरती, अनील काटरप पिता स्व. राजू सोमावार 3. शेखर पिता अन्नैया सोमावार 4. प्रकाश पिता अन्नैया सोमावार 5. दीपक पिता अन्नैया सोमावार 6. गुप्तेश्वर पिता अन्नैया सोमावार 7. लक्ष्मी पिता अन्नैया सोमावार 8. नंदा पिता अन्नैया सोमावार 9. रेखा पिता अन्नैया सोमावार 10. रेणुका पिता अन्नैया सोमावार सभी निवासी गायत्री हास्पिटल के बाजु सरकण्डा तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग.

**विषय :-पेशी में उपस्थित होने बाबत।**

इस न्यायालय में अपीलार्थी 01 रेखा सोमावार, पति स्व. गणेश सोमावार 02 अंकित सोमावार पिता स्व. गणेश सोमावार 03 आशी सोमावार पिता स्व. गणेश सोमावार निवासी विनोबा नगर लिटिल स्टार स्कूल के सामने बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर की ओर से छ.ग.भू-राजस्व संहिता, 1959 की धारा 44 (1) के तहत मौजा सरकंडा की भूमि के संबंध में न्यायालय बिलासपुर के नामांतरण क्रमांक 198 में पारीत आदेश दिनांक-25/10/1996 के विरूद्ध अपील आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त प्रकरण की सुनवाई दिनांक 20.07.026 को अधोहस्ताक्षरर्ता के न्यायालय में नियत है। एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि, आप उक्त प्रकरण में सुनवाई हेतु अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में उक्त दिनांक 20.07.2026 एवं स्थान में 3.00 बजे स्वतः या अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रकरण में भाग ले सकते है। अनुपस्थिति की दशा में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी। यह भी सूचित किया जाता है कि यदि उक्त नियत दिनांक को अवकाश घोषित हो जाता है, तो प्रकरण की सुनवाई आगामी न्यायालयीन दिवस में की जावेगी।

आज दिनांक 30/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर द्वारा जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

### आम सूचना

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मुझे क्रेता खिलेश्वर प्रसाद पाटनवार आयु 70 वर्ष पिता स्व. गनपत लाल पाटनवार, निवासी एकता कॉलोनी अशोक नगर बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) का हूं जो कि मैने मौजा सरकंडा, अरविन्द नगर जांजी तालाब के पास, प.ह.नं. 32, रा.नि.मं. सरकंडा, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नंबर 282/46 रकबा 0.02 एकड़ की भूमि जिसका क्षेत्रफल 872 वर्गफीट पर निर्मित आवासीय पक्का लेंटरयुक्त मकान है, जिसे विक्रेतागण श्रीमती आशा निर्मलकर पति दिलहरण निर्मलकर, सोनबाई रजक पति जंतराम, श्रीमती नंदनी रजक पति सुखदेव रजक लोगों से क्रय किये जाने का पक्का सौदा किया जाकर, अग्रिम बयाना की राशि का भुगतान किया जा चुका है तथा निकट समय पर रजिस्ट्री होना तय है। उक्त वर्णित खसरा, रकबा की विक्रयशुदा भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था/ निकाय/बैंक को किसी भी प्रकार का कोई भी आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मय दस्तावेज सहित अपना आपत्ति मेरे दिये गये निवास पते पर संपर्क कर सकते हैं। नियत समयावधि पश्चात् किये जाने वाले आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा तथा अपने नाम से आवश्यक रूप से रजिस्ट्री करा लिया जायेगा। सो सूचना जाने। दिनांक 07/07/2026 बिलासपुर (छ.ग.)

**भवदीय**
**(खिलेश्वर प्रसाद पाटनवार)**
**एकता कालोनी, अशोक नगर**
**बिलासपुर (छ.ग.)**
**मो. 9993853740, 8959806574**

### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि गिरधारी लाल नामदेव पिता श्री मोहनलाल निवासी चांटीडीह तहसील व जिला बिलासपुर के नाम से ग्राम चांटीडीह प.ह.नं. 33 रा.नि.मं व तहसील व जिला बिलासपुर में खसरा क्रमांक 269/14 एवं 269/30 कुल रकबा 2535 वर्गफुट स्थित है। उक्त मकान को श्री सुशील जायसवाल पिता श्री आर.एल. जायसवाल निवासी विजयापुरम तहसील व जिला बिलासपुर द्वारा मेरे पक्षकार श्रीमती पूनम सोनी पति श्री विनोद सोनी निवासी गोड़पारा तहसील व जिला बिलासपुर वाले के पास विक्रय करने का पक्का सौदा करते हुए। अग्रिम राशि बयाना बतौर प्राप्त करते हुए अनुबंध पत्र निष्पादित किये हैं।

यदि उक्त संव्यवहार से किसी भी व्यक्ति, संस्था व अन्य जो उक्त मकान पर अपना हित रखता हो, को यदि किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति होगी तब मय दस्तावेज के साथ सूचना प्रकाशन के 7 दिन के अंदर मेरे नीचे लिखे पते पर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि समाप्त होने के पश्चात की गई आपत्ति पर कोई विचार नहीं की जावेगी तथा मेरे पक्षकार उक्त भूमि के पंजीयन कराने हेतु स्वतंत्र होंगे।

अस्तु सूचना जानें
राम मनोहर दुबे
अधिवक्ता नोटरी
स्टेट बैंक के सामने, नया सरकंडा,
बिलासपुर (छ.ग.) मो.: 98271-73623

### न्यायालय तहसीलदार सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**ईश्तहार**

मा.क्र./ अ-6/2025-26
ग्राम घुरू, तहसील सकरी

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम घुरू प.ह.न. 61 तहसील सकरी, जिला बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण रवि सुर्यवंशी पिता स्व. वेदप्रसाद व अन्य 06 उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम घुरू तहसील सकरी जिला बिलासपुर द्वारा लेख किया है कि मौजा घुरू, प.ह.नं. 61 रा.नि.म. व तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. स्थित भूमि ख.नं. 269/1 कुल रकबा 0.9060 हे. है। उक्त भूमि आवेदकगण के पिता/पति वेद प्रसाद सूर्यवंशी एवं अनावेदकगण के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। यह कि आवेदकगण के पिता/पति वेद प्रसाद सुर्यवंशी पिता स्व. नत्थू सूर्यवंशी की मृत्यु दिनांक 20.11.2026 को हो चुकी है। यह कि आवेदकगण की वंशवृक्ष का उल्लेख आवेदन पत्र में किया गया है। यह कि उक्त वर्णित आवेदित भूमि के स्व. वेदप्रसाद सूर्यवंशी पिता स्व. नत्थू सूर्यवंशी की मृत्यु हो जाने के कारण उनका नाम राजस्व अभिलेखों से विलोपित करते हुये विधिक वारिसानों/ आवेदकगण के नाम फौती नामांतरण दर्ज कर राजस्व अभिलेख दुरूस्त किया जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 15/07/26 तक प्रस्तुत कर सकते हैं।

आज दिनांक 01/07/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

तहसीलदार, सकरी

### नाम परिवर्तन (शपथ पत्र)

मैं शपथकर्ता आकाश उपाध्याय पिता श्री मार्कण्डेय उपाध्याय उम्र 29 वर्ष, निवासी ग्राम कलमीटार, पोस्ट रानीगांव , तहसील रतनपुर , जिला बिलासपुर (छ.ग.) शपथ पूर्वक कथन प्रस्तुत करता हूं कि :-

1. यह कि इंडसइंड निप्पान लाइफ इंश्योरेंस बीमा कंपनी में मेरा नाम आकाश कुमार लिखा हुआ है।
2. यह कि मेरे आधार कार्ड , पैन कार्ड ,बैंक पासबुक, निवास प्रमाण पत्र, राशन कार्ड एवं अन्य समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम आकाश उपाध्याय लिखा हुआ है।
3. यह कि उपाध्याय मेरा सरनेम है और आकाश कुमार एवं आकाश उपाध्याय दोनों मेरा ही नाम है तथा दोनों नाम का व्यक्ति मैं ही हूं।
4. यह कि इंडसइंड निप्पान लाइफ इंश्योरेंस बीमा कंपनी में मेरा नाम आकाश कुमार के स्थान पर आकाश उपाध्याय दर्ज किया जाए जिसके समर्थन में यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूं।

**शपथकर्ता**
**आकाश उपाध्याय**
**ग्राम-कलमीटार, पोस्ट-रानीगांव,**
**तहसील-रतनपुर ,**
**जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### सुरेश व मुन्ना जिला कांग्रेस ग्रामीण के उपाध्यक्ष बने




**तखतपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण ने अपने कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए संगठन में पदाधिकारियों की नियुक्ति की है। इसमें नगर से सुरेश ठाकुर और मुन्ना श्रीवास को जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पार्टी द्वारा उपाध्यक्ष बनाए जाने पर सुरेश ठाकुर ने कहा कि संगठन की ओर से जो जवाबदारी दी गई है उसको पूरी ईमानदारी के साथ निभाएंगे तथा संगठन को मजबूत बनाने के लिए प्रयास किया जाएगा। मुन्ना श्रीवास ने कहा कि संगठन में युवाओं को ज्यादा से ज्यादा सक्रिय किया जाएगा और संगठनात्मक मजबूती देने के लिए सभी वरिष्ठ कांग्रेसजनों के मार्गदर्शन में काम किया जाएगा।

### टेकर स्कूल में छात्राओं को दी गई साइकिलें



**बेलतरा।** शासकीय हाई स्कूल टेकर में नव-प्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। विद्यार्थियों को पुस्तक वितरण किया गया, साथ ही राज्य सरकार की योजना के अंतर्गत कक्षा नवमीं की पात्र छात्राओं को साईकलें प्रदान की गई, इस दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए वृक्षारोपण भी किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में टेकर के सरपंच सुरेश वर्मा, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपसरपंच गुंजन कश्यप एवं पंच विनोद कश्यप जी मौजूद रहे। मुख्य अतिथि सुरेश वर्मा ने विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करने, नशा जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहने की सीख दी। इस अवसर पर प्राचार्य तथा सम्पूर्ण विद्यालय परिवार व्याख्याता रेवती शर्मा, आशा पटेल, राम कुमार कश्यप, अरविन्द गिरि गोसाईं व कक्षा नवमी, दसवीं के विद्यार्थी उपस्थित थे। प्राचार्य नसीम बेगम ने विद्यार्थियों को अनुशासन में रहकर,चरित्रवान बनने और प्रतिदिन की पढ़ाई प्रतिदिन पूर्ण करने की सीख दी।

### स्वास्थ्य केन्द्र में टीकाकरण अभियान का शुभारंभ



**दगोरी।** गर्भाशय कैंसर से बचाव हेतु स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा चलाए जा रहे एच पी व्ही टीकाकरण अभियान का प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में शुभारंभ हुआ। इसी कड़ी में 14 वर्ष से ऊपर तथा 15 वर्ष पूरा नहीं हुआ है उन बच्चियों को वैक्सीन लगाई गई। मेडिकल आफिसर डा. मंजूलता वर्मा के निर्देशन में ग्रामीण चिकित्सा सहायक शैलेंद्र श्रीवास्तव, प्रवीण दास, प्रियंका लाशकर, सुमित्रा मसीह, संगीता गेडाम, रवीना सोनवानी, नीतू ध्रुव, जितेंद्र बंधे, राजकुमार ध्रुव ने टीकाकरण में सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर समाज सेवी गंगा निर्मलकर, दशरथ सन्नाट, सावित्री बारले सहित हितग्राही बालिका सहयोगी जन उपस्थित थे। यहां हर सोमवार तथा बुधवार को नामित बालिका को एच पी व्ही वैक्सीन लगाई जाएगी।

### आत्मानंद स्कूल में प्रबंधन समिति का गठन



**मुंगेली।** पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय दाऊपारा में विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन लोकतांत्रिक एवं पारदर्शी प्रक्रिया के तहत सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अभिभावकों की उपस्थिति में आयोजित बैठक में निर्वाचन प्रक्रिया के माध्यम से अरविंद सिंह राजपूत को समिति का अध्यक्ष तथा श्रीमती ममता पाटले को उपाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। बैठक के दौरान विद्यालय एवं समुदाय के मध्य समन्वय को सु–ढ़ बनाने, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में विद्यालय प्रबंधन समिति की भूमिका एवं दायित्वों पर विस्तारपूर्वक विचार–विमर्श किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य महादेव यादव ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं समिति के सभी सदस्यों का स्वागत किया।

### मवेशियों को सड़क पर छोड़ने पर लगी रोक

**मुंगेली।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण तथा आमजन और पशुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अनुविभागीय दण्डाधिकारी (राजस्व) मुंगेली अजय कुमार शतरंज ने महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। आदेश के तहत मुंगेली अनुविभाग क्षेत्र में पशुपालकों को अपने मवेशियों को सड़क, राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर खुला छोड़ने पर रोक लगा दी गई है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से आगामी तीन माह तक लागू रहेगा। आदेश में कहा गया है कि राष्ट्रीय राजमार्गों एवं स्थानीय सड़कों पर आवारा पशुओं के विचरण से लगातार सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिससे आम नागरिकों के साथ–साथ पशुओं की जान भी खतरे में पड़ रही है।

---

हरिभूमि-आईएनएच के जिला संवाद कार्यक्रम में कलेक्टर ने किया चावल भेंट

# विष्णुभोग चावल से ग्रामीण महिलाओं की आजीविका को मिल रही मजबूती

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार तथा अनुसूचित जाति विकास मंत्री गुरु खुशवंत साहेब सोमवार को नगर में आयोजित हरिभूमि-आईएनएच के जिला संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर कलेक्टर डॉ. संतोष कुमार देवांगन ने उन्हें जिले की विशिष्ट पहचान एवं स्थानीय आजीविका का प्रतीक विष्णुभोग चावल का पैकेट भेंट कर सम्मानित किया। कलेक्टर ने प्रधान संपादक डा. हिमांशु द्विवेदी को भी चावल भेंट किया।

> ■ विष्णुभोग चावल जिले की समृद्ध कृषि परंपरा

कलेक्टर डॉ. देवांगन ने मंत्री खुशवंत साहेब को बताया कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के अंतर्गत स्व-सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा विष्णुभोग चावल का उत्पादन, प्रसंस्करण एवं विपणन किया जा रहा है। अपनी विशिष्ट सुगंध, उत्कृष्ट गुणवत्ता और पारंपरिक पहचान के कारण विष्णुभोग चावल जिले की एक विशेष पहचान बन चुका है तथा इससे ग्रामीण महिलाओं की आजीविका को भी मजबूती मिल रही है। विष्णुभोग चावल के संबंध में जानकारी प्राप्त कर मंत्री खुशवंत साहेब ने इसकी सराहना करते हुए कहा कि गौरेला-पेंड्रा-मरवाही का विष्णुभोग चावल जिले की समृद्ध कृषि परंपरा और महिला स्व-सहायता समूहों की मेहनत का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने कहा कि ऐसे स्थानीय उत्पादों को व्यापक पहचान दिलाने और बाजार उपलब्ध कराने के प्रयासों को निरंतर बढ़ावा दिया जाना चाहिए, जिससे किसानों और महिला समूहों की आय में वृद्धि हो तथा जिले की विशिष्ट पहचान प्रदेश और देशभर में स्थापित हो सके। कलेक्टर डॉ. संतोष कुमार देवांगन ने हरिभूमि एवं आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी को भी विष्णुभोग चावल का पैकेट भेंट कर सम्मानित किया तथा जिले की इस विशिष्ट कृषि उपज और आजीविका गतिविधियों की जानकारी साझा की। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मनोज खलारी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मुकेश रावटे सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि, पत्रकार एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



मंत्री गुरु खुशवंत साहेब को चावल भेंट करते कलेक्टर।

#### महिला स्व सहायता समूह को मिला प्रोत्साहन

जिला संवाद कार्यक्रम में महिला स्व सहायता समूहों द्वारा तैयार स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने की सराहनीय पहल देखने को मिली। कार्यक्रम के दौरान जिला कलेक्टर डॉ. संतोष देवांगन ने महिला स्व सहायता समूहों के उत्पादों को प्रोत्साहित करने की अपील करते हुए स्थानीय उत्पादों के अधिक से अधिक उपयोग पर जोर दिया। कलेक्टर की अपील के बाद समाजसेवी पंकज तिवारी ने महिला स्व सहायता समूह द्वारा उत्पादित 200 किलो विष्णु भोग चावल खरीदकर समूह की महिलाओं का उत्साहवर्धन किया।



---

## कौशिक ने किया नए तहसील अधिवक्ता कक्ष का उद्घाटन



**बिल्हा।** अधिवक्ता संघ शपथ ग्रहण समारोह और नवीन तहसील अधिवक्ता कक्ष का उद्घाटन मुख्य अतिथि धरमलाल कौशिक द्वारा किया गया और सभी पदाधिकारियों को मुख्य अतिथि द्वारा शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में अध्यक्षता जमुना वर्मा ने की।

> ■ अधिवक्ता संघ शपथ ग्रहण समारोह में हुए शामिल

उपाध्यक्ष बलदेव गढ़ेवाल, सुभाष बंजारे,सचिव राजकुमार मानिकपुरी, सह सचिव सतीश दुबे,कोषाध्यक्ष राजकुमार राजपूत,ग्रन्थालय सचिव राजू मंगेशकर ,कार्यकारिणी सदस्य हीरा निषाद,अन्नपूर्णा कौशिक, लता वर्मा एवं समस्त पदाधिकारियों को धरमलाल कौशिक द्वारा शपथ दिलाया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में बिल्हा न्यायालय के न्यायाधीश आकांक्षा सक्सेना मौजूद रही। इस अवसर पर नगर पंचायत बिल्हा के अध्यक्ष वंदना जैंडरे ,पूर्व नगर पंचायत बिल्हा अध्यक्ष पुनीता डहरिया,मनोज वर्मा, पार्षद मोहन ढोरिया, बिल्हा के एल्डमैन,नगर पंचायत बिल्हा के उपाध्यक्ष बिलासपुर जिला न्यायालय अध्यक्ष दाऊ रामचंद्रवंशी , बिलासपुर जिला न्यायालय के सचिव रवि पांडे , बिलासपुर जिला न्यायालय उपाध्यक्ष विनोद यादव पूर्व सचिव कमल किशोर , पूर्व सचिव नूपुर पाल ,लीना अग्रहरि ,ज्योति राठौर ,छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय अधिवक्ता विपिन ठाकुर सुरेश पांडे ,देवेश चंद्र वर्मा ,प्रदीप राजगीर ,नोटरी अधिवक्ता अरुण ठाकुर, रामायण लाल राजपूत, शैलेन्द्र गोरख ,योगेश मुदलियार, ज्ञानेश्वर सिंह,अश्वनी जायसवाल, प्रवीण वर्मा ,यशवंत राजपूत,राहुल वर्मा, गोपाल कश्यप, अश्वनी साहू, अमित कुमार चाकी, सुरकांत शर्मा संरक्षक, अशोक शर्मा, गणेश नोनिया अधिवक्ता के पी साहू, हरिश्चंद्र यादव, इंदल वर्मा, दिनेश राजपूत, सत्येंद्र निषाद, हरेंद्र घृतलहरे, दुर्गा सूर्यवंशी, सुखसागर आदि मौजूद रहे।

---

## अफसरों ने किया बाढ़ संभावित क्षेत्रों का निरीक्षण



**मुंगेली।** संभावित बाढ़ एवं वर्षाकालीन बीमारियों से नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सक्रिय है। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बाढ़ संभावित गांवों का व्यापक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं की समीक्षा की, वहीं विकासखंड पथरिया के निजी अस्पतालों का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शीला साहा, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. कमलेश कुमार, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमित लाल एवं विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक निमिष मिश्रा ने पथरिया विकासखंड के बाढ़ संभावित ग्राम मदकू, धूमा, सावंतपुर, मोतीमपुर, चुनचुनिया एवं सल्फा का भ्रमण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया।स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बनाए रखने के उद्देश्य से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. साहा सहित अधिकारियों ने विकासखंड पथरिया के निजी अस्पतालों का भी औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सवेरा अस्पताल, आकृति अस्पताल, सिद्धी विनायक अस्पताल एवं द लेप्रोसी मिशन अस्पताल चंदखुरी की व्यवस्थाओं का परीक्षण किया गया। अस्पतालों में साफ-सफाई, स्टाफ की उपस्थिति, मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं तथा नर्सिंग होम एक्ट के प्रावधानों के पालन की विस्तृत समीक्षा की गई। सिद्धी विनायक अस्पताल में वार्ड के बिस्तरों के बीच निर्धारित मानकों के अनुरूप दूरी नहीं मिलने पर अस्पताल प्रबंधन को तत्काल दो बेड कम कर आवश्यक मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अन्य अस्पतालों को भी स्वच्छता, मरीजों की सुरक्षा एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक सुधारात्मक निर्देश प्रदान किए गए।

---

## 43 ग्राम पंचायत सचिवों का तबादला, पंचायत के काम को पारदर्शी बनाने की दिशा में बड़ा कदम

**भर्रीडांड़।** पंचायत प्रशासन को अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं जवाबदेह बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए जिले की तीनों जनपद पंचायत गौरेला, पेण्ड्रा और मरवाही में 5 वर्ष, 10 वर्ष अथवा उससे अधिक वर्षों तक से एक ही ग्राम पंचायत में कार्यरत ग्राम पंचायत सचिवों का व्यापक प्रशासनिक स्थानांतरण किया है। इस संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा अलग-अलग आदेश जारी किए गए हैं, जो तत्काल प्रभाव से लागू हो गए। जारी आदेश के अनुसार जनपद पंचायत गौरेला के 15 तथा जनपद पंचायत पेंड्रा के 2 और जनपद पंचायत मरवाही के 26 ग्राम पंचायत सचिवों का स्थानांतरण कर नई ग्राम पंचायतों में पदस्थापना की गई। इस प्रकार जिले में कुल 43 ग्राम पंचायत सचिवों का तबादला किया गया है। इसके साथ ही कई सचिवों को अतिरिक्त ग्राम पंचायतों का प्रभार भी सौंपा गया है, जो आगामी आदेश तक प्रभावी रहेगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत मरवाही में पंचायत सचिव राजेश जायसवाल को मसुरीखार से खन्ता पदस्थ कर ग्राम पंचायत बरवासन का अतिरिक्त प्रभार,पंचायत सचिव बीरबल प्रजापति को चिचगोहना से साल्हेकोटा पदस्थ कर ग्राम पंचायत पिपरडोल का अतिरिक्त प्रभार, पंचायत सचिव अरुणादेवी कैवर्त को करहनी से निमधा पदस्थ कर ग्राम पंचायत धरहर का अतिरिक्त प्रभार एवं लाल सिंह मराबी को पिपरडोल से भर्रीडांड पदस्थ कर बरगवां का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इसी तरह पंचायत सवित शिवचरण साहू को लरकेनी (अतिरिक्त प्रभार पिपरिया) से गुम्माटोला, जनार्दन पुरी को बरवान से मसुरीखार, रमेश सिंह ओंटेन को डोगरिया से अण्डी, अनिल कुमार जायसवाल को पडखुरी से पिपरिया, प्रदीप राय को नगवाही से चिचगोहना पदस्थ किया गया है। राजकुमारी श्याम को नाका से गुल्लीडांड, चन्द्रभान सिंह को अण्डी से मगुरदा, मदन सिंह मराबी को महोरा से नाका, पीताम्बर सिंह को गुम्माटोला से नगवाही, संजू राय को साल्हेकोटा से महोरा, सरिता सोनवानी को मझगवां से बगड़ी, दिनेश शर्मा को खन्ता से पडखुरी, राजेंद्र तिवारी को निमधा से लरकेनी, जुगेश्वर प्रसाद बसंत को गुदुमदेवरी (अतिरिक्त प्रभार गुल्लीडांड) को कटरा, भूपेन्द्र परस्ते को कटरा से मनौरा, किशन सिंह पाव को बरौर से धुम्माटोला, रामखिलावन बुनकर को चर्चेड़ी से करहनी, मूलचंद मराबी को बगड़ी से मझगवां, अजय उरेती को धरहर से चर्चेड़ी, बेदप्रसाद सिन्द्राम को मनौरा से गुदुमदेवरी, सदन सिंह को बरगवां (अतिरिक्त प्रभार भर्रीडांड) से डोंगरिया एवं लक्ष्मीकांत मास्को को धुम्माटोला से बरौर पदस्थ किया गया। जारी आदेश के अनुसार जनपद पंचायत गौरेला में सचिव चंद्रकांत राठौर को ग्राम पंचायत हर्री से डाहीबहरा पदस्थ कर पंडरीपानी का अतिरिक्त प्रभार एवं गोविंद सिंह को चुक्तिपानी से दौंजरा पदस्थ कर हर्री का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। नरोत्तम सिंह को बनझोरका से गोरखपुर, शैलेन्द्र आयाम को डाहिबहरा से उमरखोही, त्रिलोक सिंह को हर्राटोला से पड़वनिया, सविता राठौर को झगराखांड़ अतिरिक्त प्रभार गोरखपुर से हर्राटोला, नवीनता मराबी को दौंजरा से झगराखांड, आरती कश्यप को पड़वनिया से गिरवर, रामसिंह धुरव को उमरखोही से बंझोरका, ओमकार सिंह को आमाडोब से कंवची, राधेश्याम को आमगांव से करगीखुर्द, सत्यवान सिंह को करगीखुर्द से आमगांव, अंजली चंद्रा को गिरवर से नेवसा, बालकरण को केंवची से आमाडोब एवं सोमी खत्री को नेवसा से चुक्तीपानी पदस्थ किया गया। इसी तरह जनपद पंचायत पेण्ड्रा के पंचायत सचिव राय सिंह मशराम को सेवरा के कुड़कई एवं संतराम यादव को कुड़कई से तिलोरा पदस्थ किया गया है।

---

## पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग



**मस्तूरी।** छ.ग. श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द अवस्थी के निर्देशानुसार बिलासपुर जिला इकाई ने प्रदेश में पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग को लेकर सोमवार को मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। संघ ने प्रदेश में पत्रकार सुरक्षा कानून को लागू करने तथा जिला स्तर पर गठित पत्रकार सुरक्षा समिति के पुनर्गठन की मांग की है। श्रमजीवी पत्रकार संघ जिला अध्यक्ष संतोष ठाकुर ने कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में पत्रकार समाज और शासन-प्रशासन के बीच महत्वपूर्ण कड़ी का कार्य करते हैं। कई बार समाचार संकलन के दौरान पत्रकारों को विभिन्न प्रकार की चुनौतियों एवं दबावों का सामना करना पड़ता है। ऐसी परिस्थितियों में पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पत्रकार सुरक्षा कानून का क्रियान्वयन आवश्यक है। ज्ञापन के माध्यम से संघ ने मांग की है कि प्रदेश में पत्रकार सुरक्षा कानून का कड़ाई से पालन कराया जाए। पत्रकारों से जुड़े मामलों के त्वरित निराकरण के लिए जिला स्तरीय पत्रकार सुरक्षा समिति का पुनर्गठन किया जाए। ताकि पत्रकार अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर सकें। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिलाध्यक्ष संतोष ठाकुर, संतोष मिश्रा,सुरेश दुबे , अजीत राठौर एवं दुर्गा प्रजापति सहित संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

---

## नई इंतजामिया कमेटी ने शुरु की उर्स की तैयारियां




**सीपत।** वक्फ बोर्ड छत्तीसगढ़ शासन द्वारा नियुक्त नई इंतजामिया कमेटी ने आगामी वार्षिक उर्स को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी कड़ी में कमेटी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला तथा मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया से सौजन्य भेंट कर उर्स से पूर्व जर्जर हो चुकी सीपत रोड के शीघ्र निर्माण एवं मरम्मत की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा।

कमेटी ने अधिकारियों को बताया कि दरगाह में आयोजित होने वाले वार्षिक उर्स में छत्तीसगढ़ सहित देश के विभिन्न राज्यों से हजारों की संख्या में अकीदतमंद और जायरीन पहुंचते हैं। वर्तमान में सीपत रोड की हालत अत्यंत खराब है, जिससे श्रद्धालुओं, स्थानीय नागरिकों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में उर्स से पहले सड़क का निर्माण एवं मरम्मत कार्य कराना जनहित और श्रद्धालुओं की सुविधा की दृष्टि से अत्यंत आवश्यक है। प्रतिनिधिमंडल में इंतजामिया कमेटी के सदर हाजी इकबाल हक, खजांची फैजान अहमद, सदस्य मुशर्रफ खान, एजाज खान, शाहनवाज़ मेमन, मौलाना वहाब अशरफी, अब्दुल गफार, हाजी अनवारुल हक, हाजी अब्दुल करीम बेग, इंसान अली सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक तथा विधायक दिलीप लहरिया ने प्रतिनिधिमंडल की मांग को गंभीरता से सुना और संबंधित विभाग को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश देने के साथ जल्द समाधान का आश्वासन दिया। वहीं बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने भी श्रद्धालुओं की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए सड़क निर्माण के मुद्दे पर सकारात्मक सहयोग का भरोसा दिलाया। नई इंतजामिया कमेटी ने उम्मीद जताई कि प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के समन्वित प्रयासों से उर्स से पूर्व सीपत रोड का निर्माण एवं मरम्मत कार्य पूरा हो जाएगा। इससे हजारों जायरीन, श्रद्धालुओं और आम नागरिकों को सुरक्षित, सुगम और बेहतर आवागमन की सुविधा मिल सकेगी।

---

## पूज्य सिंधी पंचायत ने विधायक का जताया आभार



**तखतपुर।** सिंधी समाज के किशन सचदेव को एल्डरमैन में बनाए जाने पर पूज्य सिंधी पंचायत के पदाधिकारियों ने क्षेत्रीय विधायक धर्मजीत सिंह मुलाकात कर आभार व्यक्त किया। इस मौके पर पूज्य सिंधी पंचायत के मुखी मुरली गागवानी, विशेष सलाहकार राकेश मंदानी, दिलीप तोलानी, संरक्षक मुरली रामानी, करमचंद टेकवानी ,तखतपुर विधायक प्रतिनिधि अमित मंदानी, संतोष लोकचंदानी, सुरेश होतंचदानी, अमित सचदेव हेमराज मंगलानी, दिलीप सचदेव, नोतन टेकवानी आदि उपस्थित थे।

---

## एक भारत, श्रेष्ठ भारत की जीवन-दृष्टि ही डा. मुखर्जी का कर्तव्य

**बिलासपुर।** पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पर बिलासपुर के पुराना बस स्टैंड में स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

> ■ डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125 जयंती पर पूर्व विस अध्यक्ष ने किया नमन

श्री कौशिक ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का कर्तव्य केवल इतिहास नहीं, बल्कि 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की जीवन-दृष्टि है, जिसके लिए उन्होंने अपना जीवन समर्पित किया। सांस्कृतिक विरासत, राष्ट्रीय एकता, अखंडता और आत्मनिर्भर भारत के उनके विचार आज भी प्रेरणास्रोत हैं तथा भारतीय जनता पार्टी की कार्यशैली और विचारधारा में रचे-बसे हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने ₹एक देश में दो निशान, दो प्रधान और दो विधान नहीं चलेंगे₹ का ओजस्वी उद्घोष कर जम्मू-कश्मीर से धारा-370 हटाने के लिए राष्ट्रव्यापी जनजागरण का नेतृत्व किया और भारत की अखंडता की रक्षा हेतु अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उनका राष्ट्र प्रथम का विचार, अटूट साहस, दूरदर्शी नेतृत्व और सिद्धांतों के प्रति अविचल निष्ठा प्रत्येक देशवासी के लिए प्रेरणास्रोत है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्र की एकता, अखंडता, सांस्कृतिक अस्मिता और जनसेवा के आदर्शों के प्रति समर्पित रहा। उनके राष्ट्रहित में किए गए त्याग, समर्पण एवं विचार आज भी हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं तथा देशभक्ति और राष्ट्रनिर्माण के पथ पर आगे बढ़ने की प्रेरणा प्रदान करते हैं। इस अवसर पर भाजपा बिलासपुर जिलाध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर, बिलासपुर महापौर पूजा विधानी सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।



### भाजपाइयों ने किया डा. मुखर्जी को याद




**लोरमी।** नगर में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती गरिमामय माहौल में धूमधाम के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉ मुखर्जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसपर पर भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण किया। कार्यक्रम के उपरांत लोरमी नगर पालिका अध्यक्ष सुजीत वर्मा, गुरमीत सलूजा जिला महामंत्री, दिनेश साहू जिला उपाध्यक्ष ,नवनियुक्त एल्डरमैन अशोक साहू, नितेश अग्रवाल, अमिताभ तिवारी, विनोद राजपूत ,मंडल अध्यक्ष सुशील यादव, संदीप सोनी, कमलेश श्रीवास, मुकुल तिवारी युवा मोर्चा अध्यक्ष, पार्षद प्रतिनिधि घनश्याम यादव ,उपाध्यक्ष नगर पालिका डॉ अशोक जायसवाल, एवं भाजपा के समर्पित कार्यकर्ताओं उपस्थित रहें। कार्यक्रम के आयोजक झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ जिला मुंगेली संयोजक कमलेश श्रीवास, गोपाल डडसेना सहसंयोजक, सुनील सोनी रहे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाई डा. मुखर्जी की जयंती



**मुंगेली।** भारतीय जनता पार्टी जिला संगठन द्वारा जिला भाजपा कार्यालय में डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती मनाई गई। कार्यकर्ताओं ने डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य गिरीश शुक्ला, शैलेश पाठक, जिला भाजपा अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रेम आर्य, जिला भाजपा उपाध्यक्ष सुनील पाठक, जिला भाजपा कार्यालय मंत्री कोटूमल दादवानी, झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक सुनील सोनी, जिला कार्यसमिति सदस्य जीवन पटेल, विजय यादव, लवलेश सिंह, संतोष केशरवानी, दीपक सोनकर आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसी तरह जिले के सभी 11 मण्डलों व सभी बूथों में डा. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई गई।

## खबर संक्षेप

### महिला आयोग की सुनवाई आज

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग द्वारा 8 जुलाई को जल संसाधन विभाग के प्रार्थना सभाकक्ष में प्रकरणों की सुनवाई की जाएगी। आयोग की अध्यक्ष डॉ. श्रीमती किरणमयी नायक एवं सदस्य पीड़ति महिलाओं के प्रकरणों की सुनवाई करेंगे। सुनवाई सवेरे 11 बजे से शुरू होगी। इसमें जिले से प्राप्त पीड़ित महिलाओं के आवेदनों एवं शिकायतों की सुनवाई की जाएगी।

### खैरझिटी में सहायिका भर्ती, आवेदन 20 तक

**बिलासपुर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना कोटा अंतर्गत ग्राम पंचायत आमामुड़ा के आंगनबाड़ी केंद्र खैरझिटी में आंगनबाड़ी सहायिका के एक रिक्त पद के लिए 20 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए इच्छुक आवेदिका ई-भर्ती ऑनलाइन लिंक aww.e-bharti.in में जाकर अनिवार्य दस्तावेज अपलोड करते हुए आवेदन कर सकती हैं। इसके बाद प्राप्त आवेदनों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जाएगा।

### अनुकंपा नियुक्ति के पूर्व मंगाई गई दावा-आपत्ति

**बिलासपुर।** जिला शिक्षा अधिकारी ने कार्यालय में अनुकंपा नियुक्ति के लिए प्राप्त 1 आवेदक के आवेदन की छानबीन के क्रम में 7 दिवस के भीतर आमजनता से दावा आपत्ति मंगाई है। यदि आवेदक के परिवार के कोई भी सदस्य शासकीय सेवा में कार्यरत हो अथवा किसी प्रकार के अपराधिक या न्यायालीन मामले उनके विरूद्ध लंबित हो तो इसकी जानकारी उक्त समयावधि में बंद लिफाफे में या स्वयं कार्यालय में उपस्थित होकर दे सकते हैं। डीईओ ने बताया कि मस्तूरी ब्लॉक के शासकीय हाई स्कूल कुकदीकला में व्याख्याता के पद पर कार्यरत स्व. प्रशांत कोन्हेर की पुत्री सुरभी कोन्हेर ने अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन दिया है। आवेदकों के संबंध में जानकारी जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, कक्ष क्रमांक 25 पुरानी कम्पोजिट बिल्डिंग प्रथम तल में निर्धारित अवधि में दिया जा सकता है। विलंब से प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

### जिपं ने जारी की भर्ती प्रक्रिया की अगली सूची

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत जिला बिलासपुर में रिक्त संविदा पदों पर भर्ती प्रक्रिया के तहत पात्र एवं अपात्र अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी गई है। जिला पंचायत द्वारा जारी आम सूचना के अनुसार भर्ती के लिए पूर्व में विज्ञापन जारी कर 6 अप्रैल तक आवेदन आमंत्रित किया गया था। प्राप्त आवेदनों के परीक्षण के उपरांत पात्र एवं अपात्र सूची जिले की वेबसाइट पर प्रकाशित की गई थी तथा अभ्यर्थियों से 19 जून तक दावा-आपत्ति आमंत्रित की गई थी। प्राप्त दावा-आपत्तियों का जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा जांच के बाद अंतिम पात्र एवं अपात्र सूची तैयार की गई है। रोस्टर के अनुसार 1:10 के अनुपात में अभ्यर्थियों को साक्षात्कार, लिखित अथवा कौशल परीक्षा के लिए आमंत्रित किया जाएगा।



### उसलापुर आदर्श स्टेशन में किया जाना है कार्य, साढ़े 11 करोड़ की राशि हो चुकी है स्वीकृत

# बारिश से बचने छाता लेकर उसलापुर स्टेशन पहुंचने की मजबूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आदर्श रेलवे स्टेशन उसलापुर में सेकेंड एंट्री की ओर रहने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए जनवरी-फरवरी माह में साढ़े 11 करोड़ रुपए की राशि पास होने के बावजूद अब तक काम की शुरुआत नहीं हो सकी है। इस कारण प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में यात्रियों को हलाकान होना पड़ रहा है। बारिश के दिनों में यात्रियों को छाता लेकर स्टेशन पहुंचना पड़ रहा और ओवरब्रिज क्रास करके दूसरी ओर जाना पड़ रहा है।

ध्यान रहे कि उसलापुर में प्लेटफार्म नम्बर एक से अधिक यात्रियों की भीड़ प्लेटफार्म नम्बर दो पर होती है, जो प्रयागराज, दिल्ली, उत्तरप्रदेश की ओर जाने वाली ट्रेनों में सफर करते हैं। प्लेटफार्म नम्बर दो पर यात्रियों के लिए सुविधाएं तो कम है, वहीं सबसे अधिक परेशानी प्लेटफार्म की लंबाई को लेकर हो रही है। प्लेटफार्म दो की लंबाई कम होने के कारण इंजन और एसएलआर कोच का हिस्सा बाहर निकल जा रहा है, जिसकी वजह से व्यापारियों और अन्य लोगों के सामानों की लोडिंग करने के लिए काफी जद्दोजहद करनी पड़ रही है।

रेल प्रशासन ने प्लेटफार्म की लंबाई के साथ अन्य कार्यों को सेकेंड फेस में करने का निर्णय लिया गया है। इन सभी कार्यों के लिए साढ़े 11 करोड़ रुपए की राशि रेलवे बोर्ड से सेक्शन होने के बाद भी काम की शुरुआत अब तक नहीं हो सकी है।

#### यात्रियों की संख्या बढ़ी, शेड चौड़ाई अभी भी कम

उसलापुर में ट्रेनों के साथ यात्रियों की संख्या तो बढ़ गई है, लेकिन अब तक शेड प्लेटफार्म की लंबाई के बराबर विस्तारित नहीं किए गए हैं। इसकी वजह से यात्री बारिश के मौसम में भींगने को मजबूर हो रहे हैं। इससे पहले गर्मी के मौसम में दोपहर की भीषण गर्मी के साथ तेज धूप में परेशानी यात्रियों ने झेली है। गौरतलब है कि रेल अफसरों के अनुसार आदर्श रेलवे स्टेशन उसलापुर में रेलवे की गाइड लाइन के हिसाब से सारी सुविधा यात्रियों के लिए दी गई है। रेलवे के मुताबिक वर्तमान में 1154 वर्गफुट तक शेड लगाए गए हैं। भविष्य में प्लेटफार्म के साथ शेड की चौड़ाई और विस्तार भी किया जाएगा।

#### सेकेंड फेस में इस तरह के होंगे काम

रेल अफसरों के अनुसार उसलापुर रेलवे स्टेशन में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत फेस वन और फेस टू दोनों ही कार्यों के लिए बजट स्वीकृत हो चुका है। फेस टू में सेकेंड एंट्री की ओर सड़क का निर्माण कार्य, स्ट्रीट लाइट, बुकिंग काउंटर, एक नया 12 मीटर एफओबी का विस्तार, लिफ्ट व भव्य गेट के साथ अन्य सुविधाएं दी जाएगी। इसके साथ ही शेड और प्लेटफार्म का विस्तार भी किया जाएगा।

#### जल्द शुरु किया जाएगा कार्य

उसलापुर रेलवे स्टेशन में पहले फेस का काम करीब-करीब कम्पलीट हो गया है। सेकेंड फेस का कार्य भी सेंक्शन हो चुका है। इस कार्य की शुरुआत जल्द ही की जाएगी, ताकि यात्रियों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

–अनुराग कुमार सिंह, सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

### परिसर से अंधेरा दूर करने 25 नए बिजली के पोल स्ट्रीट लाइट भी नहीं लगे

# 20 से अधिक सीसीटीवी बंद, रैन बसेरा नहीं बन सका, 4 सालों से गंदगी और अव्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम बिलासपुर ने हाईटेक बस स्टैंड में 20 दुकानों को सील करते हुए 4 साल से बकाया किराया जमा करने कहा है। इन दुकानदारों से निगम को करीब पौने दो करोड़ रुपए की वसूली करनी है। यह दुकानदार जिसमें बस संचालक भी हैं ना तो किराया दे रहे हैं और ना ही जगह खाली कर रहे हैं। अब निगम इन दुकानों को खाली कराते हुए नए सिरे से नीलामी की बात कह रहा है। इससे निगम को करीब 2 करोड़ रुपए की आय हो सकती है। दूसरी ओर निगम की इस नोटिस से दुकानदारों में हड़कंप है। दुकानदारों ने हाईकोर्ट में याचिका भी लगाई थी लेकिन फैसला निगम के पक्ष में आया है। इसके अलावा पिछले चार सालों से यह बस स्टैंड निगम के आधिपत्य में जरूर है लेकिन यहां अव्यवस्था का आलम है। गंदगी और कचरे का अंबार हर जगह देखा जा सकता है।

■ दुकानों को खाली कराते हुए नए सिरे से नीलामी की बात कह रहा निगम

ज्ञात हो कि सितंबर 2022 में सीएसआईडीसी ने बस स्टैंड का आधिपत्य नगर निगम को सौंप दिया था। इसके बाद से बस स्टैंड सहित वहां की दुकानें निगम की मिल्कियत हो चुकी हैं, परंतु निगम उसका समुचित उपयोग नहीं कर पा रहा है। अधिकांश दुकानों का किराया भी सीएसआईडीसी के कार्यकाल से लंबित है। निगम का दावा है कि नोटिस के बाद कुछ वसूली प्राप्त हुई है, परंतु अभी भी लाखों का बकाया शेष है।



नगर निगम द्वारा सील करने के बाद भी चल रहा होटल।

#### मेंटेनेंस पर ही 4 लाख तक का खर्चा

निगम का कहना है कि प्रति माह चार से पांच लाख का खर्च बस स्टैंड के बिजली, साफ-सफाई, गांर्ड एवं मेंटनेंस के मद में खर्च हो रहा है। इसलिए दुकानदारों पर किराया भी वर्तमान के हिसाब से लगाया जाएगा। निगम के मुताबिक बस स्टैंड की दुकानों से फिलहाल निगम को कुल 1.76 लाख रुपए, होटल से किराया 30 हजार रुपए, 18 आफिसों के किराए से 60 हजार रुपए प्रति माह आय होती है। इसमें हाइटेक बस स्टैंड के मेंटनेंस व्यय में हर माह 4 लाख रुपए खर्च होते हैं। बिजली बिल पर 1 लाख 25 हजार रुपए, सफाई पर 60 हजार, सिक्यूरिटी गार्ड की सैलरी पर 32 हजार व अन्य खर्चे होते हैं।

#### दुकानदारों पर 23 लाख तक का बकाया

निगम के मुताबिक करीब 20 दुकानदारों को नोटिस जारी किया गया था। हरेक दुकानदार पर 4 से 23 लाख का किराया बाकी है। किराया नहीं पटाने पर इन दुकानों को सील कर दिया गया है। दरअसल बस स्टैंड में बुकिंग, बैंक, कार्यालय आदि के लिए कुछ कमरे खाली रखे गए थे, जिसमें बस संचालकों ने कब्जा कर रखा है। इसका किराया भी बस संचालक नहीं पटा रहे हैं। वहीं बस स्टैंड में बसें पार्क करने की एवज में बस संचालक शुल्क भी नहीं पटा रहे हैं। इसके बावजूद निगम वसूली नहीं कर पा रहा है। हालांकि अब सख्ती बरती जा रही है। निगम के मुताबिक बस स्टैंड में 52 दुकानें हैं। इनमें से 32 का आबंटन किया जा चुका है। शेष के विक्रय का प्रस्ताव संपदा विभाग को भेजा गया है। दुकानों की नीलामी शीघ्र की जाएगी। बस आपरेटरों से शुल्क तथा दुकानदारों से बकाया किराया की वसूली के लिए नोटिस दिया गया है।

#### यह हाल बदहाली का

इसके अलावा सबसे बड़ी बात की निगम ने एक करोड़ 56 लाख रुपए खर्च कर तिफरा स्थित हाईटेक बस स्टैंड को सुधारने का दावा किया है। इसमें उन्नत विद्युतीकरण, पानी के लिए पाइपलाइन, बिल्डिंग मरम्मत समेत रंग रोंगन किया गया है। पूरे परिसर में 50 सीसीटीवी लगाए गए हैं, इसमें से अधिकांश बंद है। इसकी मानिटरिंग के लिए स्टैंड परिसर में एक सीसीटीवी सर्विलांस रूम बनाया गया है जो सुरक्षा के लिहाज से काफी उपयोगी है लेकिन बंद पड़ा है। यात्रियों को बस की जानकारी, समय सारिणी समेत अन्य सूचनाओं के लिए लगाया डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड काम ही नहीं करता। यात्रियों के ठहरने के लिए रैन बसेरा नहीं बन सका है। इसमें महिला और पुरुष यात्रियों के लिए अलग टायलेट, शयनकक्ष की व्यवस्था रहेगी। साथ ही टर्मिनल बिल्डिंग के अंदर नई लाइट और पंखे लगाए गए। परिसर में जल भराव की समस्या के समाधान और निकासी के लिए नाली बनाई गई है। परिसर से अंधेरा दूर करने 25 नए बिजली के पोल स्ट्रीट लाइट भी नहीं लगाए जा सके हैं।

#### दुकानों की होगी नीलामी

हाईटेक बस स्टैंड में 20 दुकानदारों को जगह खाली करने या फिर 4 साल से बकाया किराया जमा करने के लिए अंतिम नोटिस दिया गया था। इसके बाद दुकानों में सीलबंदी करते हुए नए सिरे से नीलामी की जाएगी। एक करोड़ 56 लाख रुपए में तिफरा स्थित हाईटेक बस स्टैंड को सुधारा गया है। जो भी अव्यवस्थाएं होंगी, उन्हें दूर किया जाएगा।

- प्रकाश कुमार सर्वे, आयुक्त, ननि

# घर में शराब रखकर महिला से 45 हजार की वसूली

### एसएसपी से शिकायत के बाद हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्वयं घर में शराब रखकर महिला से 45 हजार रुपए की वसूली करने वाले मुखबिर युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

■ मुखबिर युवक गिरफ्तार

सीपत टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि ग्राम मढ़ाई भाठापारा निवासी आशा सोनझरी पति विमल सोनझरी ने रिपोर्ट लिखाई है। इसमें कहा गया है कि 5 जुलाई की सुबह 6 बजे ग्राम खम्हरिया निवासी लीलामणी सोनझरी उनके घर आया और अपने पास रखे शराब को उनके घर में रखकर चला गया। इसके कुछ देर बाद अवैध शराब रखकर बिक्री करते हो कहकर जेल भिजवाने की धमकी देने लगा। साथ ही बचाने और पुलिसवालों को देने के लिए पैसे की मांग करने लगा। डर के कारण महिला ने अपने पति से 45 हजार रुपए मांगकर लीलामणी को दे दिया। महिला ने वीडियों एवं आडियो रिकाडिंग पुलिस को उपलब्ध कराई है। पुलिस ने उसकी रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 308, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लीलामणी सोनझरी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उससे वसूली की रकम जब्त नहीं हो पाई है। टीआई श्री मिश्रा ने बताया कि आरोपी महिला से पैसा वसूली करने से इनकार कर रहा है।

#### जांच के बाद कार्रवाई होगी

शिकायत लेकर महिला आई थी। एडीशनल एसपी ग्रामीण को कार्रवाई करने का आदेश दिया गया था। महिला के द्वारा आरक्षकों पर आरोप लगाया गया है। उसके आरोपों की जांच करने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

–रजनेश सिंह, एसएसपी

#### शिकायत में दो आरक्षकों का नाम शामिल

6 जुलाई को पीड़िता आशा सोनझरीने एसएसपी से मिलकर लिखित शिकायत की। जिसमें उन्होंने ने आरोप लगाया कि 5 जुलाई को डायल 112 से सीपत थाने का आरक्षक नितिश कश्यप, प्रकाश जगत उनके घर आए और जबरदस्ती घर में घुसकर शराब रखकर 45 हजार की मांग करने लगे। नहीं देने पर झूठे केश में जेल भेजने की धमकी दी गई। जिसका उसके पास वीडियों रिकाडिंग व आडियों रिकाडिंग है। यह भी बताया गया कि दोनों आरक्षकों के साथ मुखबिर लीलामणी सोनझरी भी परेशान करता है। एसएसपी श्री सिंह ने एएसपी ग्रामीण को कार्रवाई करने का आदेश दिया। इसके बाद पीड़िता को सीपत थाने ले जाया गया और उसकी रिपोर्ट पर केवल मुखबिर पर एफआईआर कर जेल भेज दिया गया है। दोनों आरक्षकों पर कार्रवाई नहीं की गई है।

# मोबाइल नम्बर, ईमेल आईडी बदलकर 44 लाख 35 हजार की ठगी: जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एक महिला के शेयर बाजार व डिमैट खाते से मोबाइल नम्बर व ईमेल आईडी बदलकर 44 लाख 35 हजार 855 रुपए की ठगी कर ली गई। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है।



तारबाहर टीआई रविन्द्र अनंत ने बताया, क्रांति नगर निवासी रत्नेश दुबे ने रिपोर्ट लिखाई है। इसके मुताबिक उनकी माता शकुंतला दुबे एवं पिता रमेश प्रसाद दुबे के नाम से एसएमसी ग्लोबल सिक्युरिटी प्राइवेट लिमिटेड नारायण प्लाजा में दो डिमैट खाते संचालित थे। इनमें एक संयुक्त व दूसरा केवल उनकी मां के नाम से था। अज्ञात व्यक्तियों ने कथित रूप से डिमैट खातों से जुड़े ई - मेलआईडी व मोबाइल नम्बर को बदलकर खातों पर नियंत्रण प्राप्त कर लिया। इसके बाद खातों में बिना खाताधारकों की जानकारी और सहमति के कई वित्तीय लेन देने किए गए। श्री दुबे का आरोप है कि इस पुरे घटनाक्रम की जानकारी उन्हें काफी समय बाद मिली। जब उन्होने कंपनी से संपर्क किया तो खातों से संबंधित पुरी जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई। कंपनी द्वारा एक बैंक खाते में शून्य बैलेंस की जानकारी दी गई। जबकि दूसरे खाते की जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई। श्री दुबे के द्वारा उपलब्ध जानकारी के अनुसार, 5 दिसंबर 2023 को लगभग 31.25 लाख रुपए के शेयर और कुल मिलाकर 44 लाख 35 हजार के शेयर एवं म्युचुअल फंड एसएमसी ग्लोबल सिक्युरिटी में ट्रांसफर किए गए थे। ट्रांसफर की जानकारी उनके परिवार को नहीं दी गई और ना ही अनुमति ली गई।

उन्होने पहले एसएमसी कार्यालय के प्रतिनिधियों व रायपुर कार्यालय के अधिकारियों से संपर्क किया। इसके बाद 26 जनवरी को कंपनी के अधिकारिक ई - मेल आईडी पर पुरे मामले की जानकारी भी भेजी गई। उन्होने एसएमसी के कुछ कर्मचारियों की संलिप्तता की जांच कराने की मांग की है। पुलिस श्री दुबे की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 316, 5, 318, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर जांच में जुट गई है।

### विद्यार्थी उत्कर्ष योजना दावा-आपत्ति 9 तक

**बिलासपुर।** मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना (पूर्व में जवाहर उत्कर्ष योजना) के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए आयोजित प्राक्चयन परीक्षा के परिणाम पर दावा-आपत्ति आमंत्रित किए गए हैं। परीक्षा का परिणाम 6 जुलाई 2026 को जारी कर दिया गया है। यदि किसी अभ्यर्थी को परीक्षा परिणाम पर कोई दावा या आपत्ति प्रस्तुत करनी है, तो वह 9 जुलाई 2026 (गुरुवार) तक सहायक आयुक्त कार्यालय, आदिवासी विकास, बिलासपुर में अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद प्राप्त होने वाले दावा-आपत्तियों पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जाएगा।

# व्हाट्सएप पर जनरल टिकिट दिखाना पड़ा महंगा, किया गया जुर्माना

**बिलासपुर।** भैया जल्दी से रायपुर तक एक टिकिट बनाकर भेज दो। अपनी बहन के कहने पर भाई ने रेल वन के माध्यम से जनरल टिकिट बनाकर स्क्रीन शॉट लेने के बाद व्हाट्सएप पर भेज दिया। इसे महिला यात्री ने टीटीई को दिखाया, जिसके बावजूद उस पर जुर्माना कर दिया गया।

■ महिला यात्री कर रही थी लिंक एक्सप्रेस में सफर

18517 कोरबा से विशाखापट्टनम के बीच चलने वाली एक्सप्रेस कोरबा रेलवे स्टेशन से शाम 4.10 बजे रवाना हुई थी। इस ट्रेन में एक महिला यात्री सफर कर रही थी, जिसके पास टिकिट नहीं था। अचानक महिला ने टिकिट चेकिंग के लिए टीटीई को आते हुए देखा तो वह घबरा गई। महिला ने तत्काल अपने भाई को कॉल कर जनरल टिकिट बनाकर व्हाट्सएप पर भेजने कहा। भाई ने अपनी बहन को रेल वन एप्लीकेशन से एक जनरल टिकिट बनाकर भेज दिया। टीटीई जब टिकिट चेकिंग करते हुए महिला यात्री के पास पहुंचा। टिकिट शाम 4 बजकर 45 मिनट पर जारी किया गया था, जिसका महिला के पास केवल स्क्रीन शॉट व्हाट्सएप पर दिखाया जा रहा था। रेलवे के नियमानुसार उक्त टिकिट को वैध नहीं मानते हुए महिला यात्री से जुर्माना वसूल किया गया।

पूछताछ में महिला ने बताया कि उसे यह जानकारी नहीं थी कि मोबाइल से बनाई गई अनारक्षित टिकिट की वैधता के लिए टिकिट उसी मोबाइल फोन में उपलब्ध होना चाहिए, जिसमें रेलवन को पंजीकृत कर टिकिट बनाया गया है। केवल व्हाट्सएप, स्क्रीन शॉट अथवा किसी अन्य माध्यम से प्राप्त टिकिट दिखाकर सफर करना नियम के अनुरूप नहीं है।

### आंबा सहायिका भर्ती ऑनलाइन आवेदन 15 तक

**बिलासपुर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना सरकण्डा अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक देवरीखुर्द 10, लिंगियाडीह 1 एवं टेकर 2 में आंगनबाड़ी सहायिका के एक-एक रिक्त पदों के लिए 15 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक आवेदिका ई-भर्ती ऑनलाईन लिंक **aww.e-bharti.in** में जाकर अनिवार्य दस्तावेज अपलोड करते हुए आवेदन कर सकती है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

# एक्सपायरी हो चुके फूड पैकेट को नाले में डाला, 25 हजार पेनाल्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सुबह नियमित सफाई निरीक्षण के दौरान निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने मंगलवार सुबह राजेंद्र नगर क्षेत्र में मुख्य नाले में बड़ी मात्रा में एक्सपायरी हो चुके खाद्य पदार्थों के पैकेट और अन्य कचरा पड़ा हुआ देखा। इससे नाला पूरी तरह अवरुद्ध हो रहा था और जल निकासी प्रभावित होने के साथ-साथ गंदगी फैलने की स्थिति निर्मित हो गई थी।

मौके पर ही निगम कमिश्नर श्री सर्वे ने इस गंभीर लापरवाही पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को तत्काल जांच कर दोषी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जांच में यह सामने आया कि मुख्य नाले में फेंकी गई एक्सपायरी खाद्य सामग्री प्रिया स्टोर से संबंधित है, जिसके संचालक आर्यन जुनेजा हैं।निगम ने संबंधित प्रतिष्ठान के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई करते हुए 25 हजार की पेनाल्टी लगाई है। साथ ही नाले में फेंके गए समस्त कचरे को तत्काल हटाकर जल निकासी व्यवस्था को सुचारु कराया गया।



सुबह निरीक्षण पर निकले ननि कमिश्नर ने गंदगी पकड़ी।

### बिलासपुर से दुर्ग तक केंसल रहेगी साउथ बिहार एक्सप्रेस

**बिलासपुर।** चक्रधरपुर मंडल कें कंसबहाल और धारूआडीही सेक्शन में अधोसंरचना सहित अन्य कार्यो को किया जाएगा, जिसके कारण 3 जुलाई से लेकर 17 नवम्बर तक पांच माह के लिए दूसरे जोन के साथ दपूमरे से चलने वाली ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा। इस दौरान आरा से दुर्ग के बीच चलने वाली साउथ बिहार एक्सप्रेस राउरकेला में समाप्त करने के बाद रायगढ़, बिलासपुर, रायपुर से दुर्ग के बीच रद्द करने से यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। जुलाई माह में 9, 16, 23, 30 को, अगस्त माह में 6, 13, 20, 27 को, सितम्बर माह में 3, 10, 17, 24, अक्टूबर माह में 1, 8, 15, 22, 29 को, नवम्बर माह में 5 व 12 को आरा से चलने वाली 13288 आरा-दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस राउरकेला स्टेशन में समाप्त होगी।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर,01 अक्टूबर,
19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026, 06 जनवरी 2027 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411